# राजस्थान की राजनीति

आपकी आवाज के साथ....

E-mail: tniawaz.news@gmail.com | RAJHIN/2012/43137

हिन्दुस्तान पत्रिका

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, मंगलवार 16 अप्रैल, 2024 | वर्ष: 2 | अंक: 171 | पृष्ठ: 8 | मूल्य: 2.00 रू.


## राजस्थान में 15 साल पहले था कांग्रेस का दबदबा, अब भाजपा का वर्चस्व

जयपुर

समय समय की बात है। राजनीति में कब किसका पलड़ा भारी हो जाए, कहा नहीं जा सकता। कुछ वर्षों पहले राजस्थान में जहां कांग्रेस का दबदबा था, वहां अब भाजपा का दबदबा है। राजस्थान के लोकसभा चुनाव में 2009 से लेकर अब तक के वोट शेयर पर गौर करें तो पता चलता है कि राजस्थान में पहले कांग्रेस का वर्चस्व था। आधी से ज्यादा लोकसभा सीटों पर 50 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर कांग्रेस के समर्थन में था लेकिन वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव के समय पासा पलट गया। भाजपा के वोट शेयर में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 14 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 24 में से 23 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। 12 लोकसभा सीटें तो ऐसी थी जहां भाजपा को 60 फीसदी से भी ज्यादा वोट मिले थे।



### इस बार कई सीटों पर रोचक मुकाबले होने के आसार

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी का दावा है कि वे एक बार फिर सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पिछली बार से ज्यादा मतों के अंतर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। उधर कांग्रेस ने चार पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। सीकर, नागौर और बांसवाड़ा सीट पर कांग्रेस ने अन्य दलों से गठबंधन किया है जबकि बाड़मेर से दमदार प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार वे 8 से 10 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। चुनाव परिणाम किसके पक्ष में जाएगा। इसका खुलासा 4 जून को होगा।

### पहले 2009 के चुनाव परिणाम पर एक नजर

वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक केंद्र में यूपीए की सरकार थी और डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस का दबदबा था। राजस्थान की 25 में से 20 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। बीजेपी को सिर्फ 4 सीटों पर जीत मिली जबकि एक सीट दौसा पर निर्दलीय डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने चुनाव जीता था। कांग्रेस के 20 में से 14 प्रत्याशियों ने 50 फीसदी से ज्यादा मत प्राप्त किए थे। सर्वाधिक 59.02 फीसदी वोट अलवर लोकसभा सीट से कांग्रेस के भंवर जितेंद्र सिंह ने प्राप्त किए थे। 2009 में बीजेपी के जिन चार नेताओं ने चुनाव जीता था। उनमें से कोई भी 50 फीसदी वोट हासिल नहीं कर सके।

### अब 2014 के चुनाव परिणाम पर नजर डालिए

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव देश में नरेंद्र मोदी की लहर चली। भाजपा ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित किया था। ना केवल राजस्थान में बल्कि देश के कई राज्यों नरेंद्र मोदी की लहर के चलते भाजपा के वोट शेयर में भारी बढोतरी हुई। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की ऐसी सुनामी चली की कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता धराशायी हो गए। राजस्थान की सभी 25 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। 25 में से 18 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे।

### अब 2019 के चुनाव परिणाम को ही देख लीजिए

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पीएम नरेंद्र मोदी की लहर का प्रभाव रहा। राजस्थान में लगातार दूसरी सभी 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। नागौर लोकसभा सीट को बीजेपी ने आरएलपी के लिए छोड़ दिया था जहां से हनुमान बेनीवाल सांसद बने थे। शेष 24 सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। 24 में से 23 लोकसभा सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशियों ने 50 फीसदी से ज्यादा मतों से जीत दर्ज की। 12 लोकसभा सीटों पर तो बीजेपी के प्रत्याशियों ने 60 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करते हुए जीत दर्ज की थी।

## यह संविधान बचाने का चुनाव है, राजस्थान में बोलीं प्रियंका गांधी, अलवर में किया रोड शो



जयपुर।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा,वे संविधान इस तरह से बदला चाहते हैं कि लोगों को पता भी नहीं चले,इसलिए जनता का जागरूक रहना जरूरी है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। संविधान बदलने की बात इसलिए हो रही है,क्योंकि ये आपके अधिकार छीनना चाहते हैं। प्रियंका ने कहा, भाजपा के सांसद अलग-अलग प्रदेशों में कहते हैं कि अब हमारी सरकार आएगी तो संविधान को बदलेंगे। मंच से मोदी संविधान की बात करते हैं,लेकिन अपने लोगों से कहते हैं कि जाओ और संविधान बदलने की बात बोलो। प्रियंका ने कहा,आस्था का प्रमाण त्याग होता है। सत्ता को पकड़ कर रखना नहीं होता है। देश में जो सरकार चल रही है वो सिर्फ अपने लिए और उधोगपति मित्रों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा,भारत इसलिए आगे बढ़ा है,क्योंकि यहां लोकतंत्र है। सरकारों ने जनता को सर्वोपरि रखा है। अब लोगों को दबाने और बहकाने का काम हो रहा है। राजस्थान के दौसा संसदीय क्षेत्र के बांदीकुई में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने लोगों से कहा,आप अंधे हो गए हो,मोदी जो कुछ कर रहे हैं वो करने दो,यह बात गलत है। इससे आपका नुकसान होगा। मोदी या मेरा नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा,आपके पूर्वजों की तरह मेरे पूर्वजों ने भी जान दी है। मेरे पिता और दादी ने शहादत दी है। हमारी हिंदू धर्म की परंपरा है। हमने भगवान राम को सत्ता के कारण नहीं,बल्कि इसलिए पूजा क्यों कि उनमें नैतिकता थी। उन्होंने सत्ता का त्याग किया। पीएम और भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा,ये सत्ता के बल पर विधायकों को खरीद लेते हैं। कई सरकारें गिरा देते हैं। लोगों को पीटा जा रहा है। लोगों में भय पैदा किया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा,सरकार बदलना जरूरी है। सभा को पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी संबोधित किया। प्रियंका ने अलवर में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में करीब तीन किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने अपनी समस्याओं को कांग्रेस पर लिखकर पर्ची प्रियंका की तरफ फेंकी। रोड़ शो में प्रियंका के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह भी थे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में जो वर्तमान में जो सरकार चल रही है वह सिर्फ अपने उद्योगपति दोस्तों के लिए चल रही है और बीजेपी के नेता खुलेआम बोल देते हैं कि हम सरकार तोड़ देंगे. उन्होंने कहा कि हमारे आसपास के देशों को देखिए क्या वो भारत की तरह आगे बढ़े लेकिन हम इसलिए आगे बढ़े क्योंकि हमारे यहां लोकतंत्र है और यहां की सरकारों ने जनता को हमेशा आगे रखा.

## रिफाइनरी में दलाली के पैसे खाए, सूद समेत निकालूंगा, बीजेपी-कांग्रेस को ओपन चैलेंज, मंच पर आकर करें डिबेट: रविंद्र भाटी



बाड़मेर

बाड़मेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने कहा- पचपदरा में नेताओं ने दलाली के जो पैसे खाए हैं, उसे सूद समेत बाहर निकाल दूंगा। आज मैं यहां कहकर जा रहा हूं। यहां (रिफाइनरी) पर छोटा राजन और बड़ा राजन बैठाए हैं, लेकिन अब जनता की सरकार आने वाली है और अब ऐसा नहीं चलेगा। भाटी ने यह बात रविवार रात पचपदरा में जनसभा के दौरान कही। भाटी ने कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल और विधायक हरीश चौधरी के ए और बी टीम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वे कभी बोलते हैं कि ए टीम है और कभी बोलते हैं बी टीम है। वो खुद साफ नहीं कर पा रहे हैं कि कहना क्या चाह रहे हैं। थोड़े दिन पहले तक जिसके पीछे लगे हुए थे, आज उन्हीं को गोद में बैठाकर घूम रहे हैं और उनका वध करने के लिए भी तैयार हुए हैं। भाटी ने कहा- आज की तारीख में एक तरफ दो ही पॉलिटिकल पार्टियां हैं। दोनों उन्हें रोकने की कोशिश कर रही हैं। वे पचपदरा में आकर पंचायती करते हैं, उन्हें रिफाइनरी में आकर बट (हिस्सा) चाहिए। उन्हें शर्म करनी चाहिए, क्योंकि उनके कारण कई युवाओं के घर पर चूल्हे जलने वाले थे, लेकिन उन्होंने उस चूल्हे की आग बुझाई है। जिससे कई युवक बेरोजगारी से परेशान हैं। पचपदरा में नेताओं ने दलाली के जो पैसे खाए हैं, उसे सूद समेत बाहर निकाल दूंगा। आज मैं यहां कहकर जा रहा हूं। यहां (रिफाइनरी) पर छोटा राजन और बड़ा राजन बैठाए हैं, लेकिन अब जनता की सरकार आने वाली है और अब ऐसा नहीं चलेगा। रविंद्र ने कहा कि तमाम लोग मोर्चा खोलकर बैठे है। मैं उनको कहना चाहता हूं कि इससे मैं दबने वाला नहीं हूं। खुलेआम लड़ने की ताकत रखता हूं। अगर किसी में हिम्मत हो तो 26 अप्रैल को चुनाव है। मंच के माध्यम से चैलेंज करता हूं कि ओपन मंच के ऊपर सब उम्मीदवार आकर डिबेट करें और बताए कि इस क्षेत्र के बारे में क्या सोच रहे हैं और क्या काम किए हैं। खुलेआम मैं डिबेट करने के लिए तैयार हूं। उनसे बात करने के लिए तैयार हूं। उनके पास है तर्क तो मेरा चैलेंज स्वीकार करें। जगह और समय वे बताएंगे, मैं वहां आने के लिए तैयार रहूंगा। इस क्षेत्र के अधिकार और हकों की बात करूंगा बात करो मुद्दों और अधिकारों की। भाटी ने कहा कि सिर कटना मंजूर है

## अमित शाह का जयपुर में रोड शोः बीजेपी के शक्ति प्रदर्शन में दिखा वीमेन पावर

जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव का प्रचार अब अपने अंतिम चरण में हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहे हैं, जिसमें राजस्थान की राजधानी जयपुर समेत कई सीटें शामिल है। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर के बीच सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में रोड शो किया।? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को जयपुर से बीजेपी प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में प्रचार करने के लिए पहुंचे। इसके तहत जयपुर की वॉलसिटी में रोड शो आयोजित किया गया। रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू हुआ, जो लाल चौपड़ पर जाकर खत्म हुआ। करीब 1.8 किलोमीटर लंबे रोड शो का यह सफर लगभग 2 घंटे तक चला। अमित शाह की ओर से प्रदेश की राजधानी जयपुर में किए गए रोड शो में इस दौरान भारी संख्या में लोग सड़कों पर दिखे। अमित शाह के साथ इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,



राजस्थान सरकार की डिप्टी सीएम दीया कुमारी और बीजेपी प्रत्याशी मंजू शर्मा भी खुली जीप में मौजूद थी। गृहमंत्री के दौरे के चलते पूरा शहर बीजेपी के झंडों और पोस्टरों से अटा रहा। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने इस बात पर विश्वास जताया कि 'पार्टी तीसरी बार राजस्थान की सभी 25 सीटें जीतने जा रहे हैं'। अमित शाह ने इस दौरान यह भी कहा कि निश्चित रूप से हम 400 सीटों का आंकड़ा छूएंगे। अमित शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों के कारण लोगों में जबरदस्त उत्साह है, उन्हें सत्ता में वापस लाओ,' उल्लेखनीय है कि ब्राह्मण समुदाय के प्रभुत्व वाली जयपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी से मंजू शर्मा मैदान में है।

## चुनावी बॉन्ड दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना, मोदी इसके इसके मास्टरमाइंडः राहुल गांधी

वायनाड।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को चुनावी बॉन्ड को दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना बताया और कहा कि इसके पीछे पीएम नरेन्द्र मोदी मास्टरमाइंड हैं। राहुल की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए एक साक्षात्कार में विपक्षी दलों पर चुनावी बॉन्ड योजना पर झूठ फैलाने का आरोप लगाने के बाद आई। यहां पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने कहा, 'चुनावी बॉन्ड में महत्वपूर्ण चीज है नाम और तारीख। जब आप ध्यान से नाम और तारीख देखेंगे तो पाएंगे कि जब उन्होंने (दानदाताओं ने) चुनावी बॉन्ड दिया, उसके ठीक बाद उन्हें कॉन्ट्रेक्ट दे दिया गया या उनके खिलाफ सीबीआई जांच वापस ले ली गई। उन्होंने कहा कि असल में प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर बुरी तरह फंस गए हैं और इसलिए वह इंटरव्यू दे रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी जबरन वसूली योजना है और मोदी इसके मास्टरमाइंड हैं।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनावी बॉन्ड के रूप में धन मिलने के तुरंत बाद उन दानदाताओं को बड़े कॉन्ट्रेक्ट दिए गए। पीटीआई के अनुसार कांग्रेस नेता



राहुल गांधी ने यहां लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत को अंग्रेजों से आजादी इसलिए नहीं मिली थी कि देश को संघ परिवार की विचारधारा का उपनिवेश बना दिया जाए। हम चाहते हैं कि भारत पर उसके सभी लोगों का शासन हो। इस दौरान राहुल गांधी ने यहां सुल्तान बठेरी में विशाल रोड शो भी किया। वायनाड से दोबारा अपनी किस्मत आजमा रहे राहुल गांधी लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद दूसरी बार इस निर्वाचन क्षेत्र में आए हैं।

## मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरहः भजनलाल शर्मा

जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का घोषणा पत्र देश के करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भाजपा का यह संकल्प पत्र केवल वादों का पुलिंदा नहीं बल्कि देश की जनता का एक विजन डॉक्यूमेंट है। इस संकल्प पत्र को तैयार करने से पहले देश के करोड़ों लोगों से सुझाव लिए गए। उन्हीं सुझावों के अनुरूप भारत के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया एक दस्तावेज है। सीएम भजनलाल ने प्रदेश के सभी मतदाताओं अपील की है कि वे देश के भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने वोट का फैसला लें।

### पहले के समय में राजनैतिक दल केवल घोषणाएं करते थे

जयपुर स्थित बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से रूबरू होते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है, वो किया है। पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन को ही अपना ध्येय मानकर जनता के हित में काम किया है। इस बार का लोकसभा चुनाव मोदी जी की गारंटी का चुनाव है। उन्होंने कहा कि अब तक देश में जो राजनीतिक दल थे। वे सिर्फ घोषणा ही करते थे। उन घोषणाओं पर कभी अमल नहीं करते थे लेकिन पीएम मोदी जी ने जो वादे 2014 में किए थे, उन्हें पूरा किया है। जो वादे वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले किए थे। उन



वादों को भी मोदी जी ने पूरा किया है।

### मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह है। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है क्योंकि उन्होंने अब तक जो भी वादा देशवासियों से किया। उस हर वादे को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 का संकल्प पत्र देश के सामने हैं। संकल्प पत्र में मोदी जी ने जो भी गारंटी दी है उन्हें हर स्थिति में पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह है। मोदी जी की गारंटी पर कोई अविश्वास नहीं कर सकता है। क्योंकि मोदी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।

### घमंडिया गठबंधन के पास कोई नीति नहीं

मीडिया से बात करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और उनके घमंडिया गठबंधन के पास ना तो कोई नीति है और ना ही उनकी नियत साफ है। वे केवल पीएम मोदी की खिलाफत करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश जानता है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में विश्व में अपनी नई पहचान बनाई है। आज पूरी दुनिया में भारत का नाम बड़े गौरव के साथ लिया जाता है। मोदी के नेतृत्व में ही भारत आर्थिक महाशक्ति बनता जा रहा है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है और जल्द ही तीसरे पायदान पर पहुंचने वाला है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार बड़ी तेजी से विकास कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे। उनमें से 40 फीसदी वादे सरकार पूरे कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने डीजल और पेट्रोल के दामों में कटौती की है। पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और तेजी से पेपर लीक माफियाओं की गिरफ्तारी हो रही है। पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार एक के बाद एक कदम उठा रही है। ईआरसीपी के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल गई है।

## विपक्षी घमंडी गठबंधन के पास ना नियत, ना नेताः भजनलाल शर्मा

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- विपक्षी घमंडी गठबंधन के पास ना नियत है, ना नेता है, ना ही नीति है। जबकि दूसरी और पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने सेवा और सुशासन को अपना ध्येय मानकर जनता के बीच काम किया है। सीएम बीजेपी ऑफिस में मीडिया से बात कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा- देशभर की भर्ती परिक्षाओं में धांधली रोकने के लिए सरकार सख्त है। राजस्थान में जो कार्रवाई हुई, उससे युवाओं में सुकून है। शर्मा ने कहा- भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र भारत की करोड़ों जनता की आशंकाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बीजेपी का यह संकल्प पत्र जनता के लिए जनता द्वारा बनाया गया विजन डॉक्यूमेंट है। उन्होंने कहा- इस बार का लोकसभा चुनाव मोदी जी की गारंटी का चुनाव है। अब तक देश में जो राजनीतिक दल थे। वह सिर्फ घोषणा ही करते थे। उन पर अमल नहीं करते थे। मोदी जी ने जो वादे 2014 में किए उन्हें पूरा किया। जो वादे 2019 में किए उन्हें भी पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। मोदी सरकार बनने के बाद 10 सालों में हालात बदल गए। अब भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा- अब 2024 का संकल्प पत्र भी आप सभी के सामने हैं। जो मोदी जी की गारंटी है। जिन्हें हर स्थिति में पूरा किया ही जाएगा। शर्मा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह है। मोदी जी की गारंटी पर कोई अविश्वास नहीं कर सकता है। क्योंकि मोदी जी जो कहते हैं। वही करते हैं। जो करते हैं, वही कहते हैं। सीएम भजनलाल ने कहा- हमारी पार्टी ने 2019 के संकल्प पत्र में जो भी वादे किए वह सब पूरे हो गए हैं। चाहे उनमें धारा 370 को वापस लेने जैसा मुद्दा ही क्यों ना हो। नारी शक्ति अधिनियम हो या फिर राम मंदिर का निर्माण। हमारी पार्टी ने जनता से किया हर वादा पूरा किया है। देशभर में भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए अब सरकार सख्त एक्शन लेगी। वैसे भी राजस्थान के 100 दिन के कार्यकाल में पेपर लीक को लेकर जो कार्रवाई हमने की है। वह युवाओं को सुकून देती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान में बीजेपी ने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे। सरकार बनने के बाद उनमें से 40% से 45% वादे हमने पूरे कर लिए हैं।

## अलोद सीएचसी में महान वैज्ञानिक जेकारियस जेनसेन की याद में मनाया विश्व मेडिकल लैब टेक्नीशियन दिवस



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** अलोद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को महान वैज्ञानिक जेकारियस जेनसेन की याद में विश्व मेडिकल लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया ।इस अवसर पर संस्था प्रभारी डा.वाजिद हुसैन ने बताया कि लैब सर्विसेज चिकित्सा विभाग की रीढ़ हड्डी है। इसके बिना ईलाज संभव नहीं है। सही जांच से ही सही इलाज सम्भव है। संस्था के लैब स्टाफ द्वारा गुणवत्तापूर्ण जांच करने एवं मेडिकल लैब टेक्नीशियन दिवस पर सभी का आभार व्यक्त किया। साथ ही टेक्नीकल ओफिसर एवं लैब प्रभारी रमेश चोपदार ने बताया कि जेकारिस जेन्सेन ने 1590 में माइक्रोस्कोप का आविष्कार किया था । जिसकी सहायता से मरिज के ब्लड, युरीन एवं विभिन्न प्रकार के द्रव्य के नमुनो से सुक्ष्म प्रकार के बेक्टीरिया,वाइरस आदि को पहचान कर गम्भीर बिमारियों का पता लगाया जाता है। जिससे मरिज का इलाज सम्भव हो पाता है।इस दौरान नर्सिंग ओफीसर सुरेश मीणा, रेडियोग्राफर मोनिका वैष्णव, लैब स्टाफ एजाजुद्दीन एवं विष्णु कुमार सेन आदि मौजूद रहे।

### सवराड सप्त देवी बायोसा का मेला आज

## भजन संध्या में भोर तक जमे रहे श्रद्धालु



राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** समीपवर्ती गांव सवराड में दुर्गा सप्तदेवी बायोसा का मेला आज मंगलवार को भरा जाएगा। मेले की पूर्व संध्या पर भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भोर तक बांधे रखा। बायोसा पुजारी भोलाराम जी ने बताया कि इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रा से मंदिर में हवन, कलश यात्रा,अखंड दीप, शैलपुत्री घटस्थापना के साथ शरू हुआ जो विधि विधान से पंडित जिग्नेश भाई गुजरात से आए पंडितो द्वारा हवन कीर्तन किया जा रहा है। जिसमे आए हुए भक्तो द्वारा हवन में बैठकर आहुतियां देकर भाग लिया जा रहा है। मेला मंगलवार को भरा जायेगा, जिसमे कलश यात्रा के साथ गैर नृत्य के साथ विभिन्न आयोजन होंगे। जिसमे विभिन्न प्रकार के स्टालो व दुकाने, झुले आदि लगे है। मंदिर को रंग बिरंगी रौशनी के साथ सजाया गया। मेलार्थियों के लिए महाप्रसादी का आयोजन होंगा। जिसकी तैयारी भामाशाह व ग्रामीणों द्वारा तैयारी की गई।जिसमे भक्त भवरलाल माली, मदनलाल देवासी, मीठालाल, अमरचंद प्रजापत, उदाराम देवड़ा,शेषांराम, पंडित नितेश व्यास, दुर्गाराम, रमेश,रवि, हर्ष, हर्षित, महेंद्र कुमार प्रजापत, प्रवीण शर्मा, चुनीलाल सीरवी,अमर सिंह, वाग सिंह व पुजारी परिवार एवं समस्त ग्रामवासी मेला की तैयारी में लगे हुये है।

## पारंपरिक श्री सप्ताहजी महारानी का आयोजन गणेश मंदिर में 17 अप्रेल से

राजस्थान की राजनीति

**सोजत रोड (ललित तिवारी)।** कस्बे के गणेश मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह महिला सत्संग मण्डलों द्वारा 17 अप्रेल से 24 अप्रेल तक पारंपरिक श्रीसप्ताहजी महारानी का आयोजन किया जा रहा है । सदस्या राधा माहेश्वरी ने बताया कि बुधवार को अपराह्न 2.30 बजे शुभ मुहुर्त में मंदिर में विराजमान विग्रहों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अखण्ड ज्योति की साक्षी में श्रीसप्ताहजी का शुभारम्भ किया जायेगा । प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दो घंटे का गीता पाठ से रात्रि 10 बजे तक देवी देवताओं की भजनों द्वारा स्तुति की जायेगी । सहयोगी श्यामसुन्दर माहेश्वरी ने जानकारी दी है कि इस वर्ष से रात्रि 8 बजे 10 बजे तक पुरुष भक्तजनों का स्वैच्छिक सेशन रखा गया है जिसमें श्रद्धालु भजनों की प्रस्तुति दे सकेंगे । 24 अप्रेल को 4 बजे महाआरती के साथ श्रीसप्ताहजी का समापन होगा ।

### आठ दशकों की परंपरा

पहले के वर्षों में खड़ी सप्ताह रखी जाती थी। जिसमें एक लंबे स्टूल पर ढोलक रखकर खड़े खड़े ही ढोलक बजाते हुए ठाकुर जी की भजनों की अनवरत लड़ियों से रात दिन चौबीसों घंटे स्तुति की जाती थी । बिना माईक के भजनों की प्रस्तुति हेतु महिलाओं की बारी बांध दी जाती थी । पुरानी पीढी की अचरज बाई जाना बाई ज्योति बाई बाला बाई ओटी बाई दाखू बाई शुभदा बाई मीरा बाई तारा बाई के भजनों की स्वर लहरियों के रसपान हेतु आसपास के गांवों से महिलाओं का रैला उमड़ता था। आखरी तीन दिवस में मंदिर के बाहर सड़क पर बैठाकर सायंकालीन सत्र होता था जो मध्य रात्रि तक ठसाठस भरा रहता था। पूरा कस्बा सात दिन तक भक्ति भाव में डूब जाता था।

# जिला कलक्टर मंत्री ने मारवाड में किया पोलिंग बूथ का निरीक्षण

राजस्थान की राजनीति



**पाली (ललित तिवारी)।** निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एलएन मंत्री ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन के मतदान केन्द्र संख्या 95 एवं 96, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिठौड़ा कलां का निरीक्षण किया । उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदाताओं की सुविधा हेतु छाया, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था की जानकारी ली तथा ग्राम के प्रबुद्ध नागरिको से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये चर्चा की । इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गौरी शंकर ने उन्हें आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर इसके अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को प्रत्येक प्रवासी मतदाता से निरन्तर संवाद करने एवं वीडियों कॉलींग के जरिये बात करने के निर्देश दिये गये तथा भागीरथ सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, नारवाड़ जंक्शन द्वारा अब तक हुई स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी, मारवाड़ जंक्शन, गौरी शंकर शर्मा , तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन ,कालूराम कुम्हार, खण्ड विकास अधिकारी, मारवाड़ जंक्शन, भागीरथ सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ,पटवारी कलां, सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सोजत में जिला निर्वाचन अधिकारी मंत्री ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया दिये आवश्यक निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने सोमवार को प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया इस अवसर पर जिला कलक्टर ने आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम कुसुमलता चौहान ने आवश्यक जानकारी दी व डाकमतपत्र प्रकोष्ठ तथा कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रकोष्ठ के अधिकारीयो कार्मिकों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय काका चौराहा सोजत में प्रारंभ हुआ। सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुसुमलता चौहान ने बताया कि विधानसभा सोजत व मारवाड़ जक्शन के पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपखंड अधिकारी कुसुमलता चौहान ने बताया कि मतदान अधिकारी प्रशिक्षण को सजगता व निष्ठापूर्वक करे जिसमें चुनाव के दौरान कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। प्रशिक्षण में तहसीलदार डा दिलीपसिंह व नायब तहसीलदार अशोक कुमार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर बोला हमला कहा

# जिस सरकार को जनता चुनती है भाजपा वाले सौ सौ करोड़ में खरीदकर सरकार को गिरा रहे हैं- प्रियंका गांधी

### अडानी को सारे हवाईअड्डे ओर बंदरगाह पकड़ा दिये ओर युवाओं को अग्निवीर




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा लोकसभा सीट अब भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा की सीट बन गई है। भाजपा के बड़े नेताओं के बाद अब कांग्रेस के बड़े नेताओं का दौर लगातार शुरू हो गया है और दोनों ही पार्टियों चुनाव में अपनी ताकत झोंक दी है। वही आज गुर्जर मतदाता और सामान्य मतदाताओं को साधने के लिए दौसा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा के समर्थन में बांदीकुई के मुकरपुर चौराहा पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और सचिन पायलट व कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी अमृता धवन ने सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी हेलीकॉप्टर से मुकरपुरा चौराहे पर पहुंची। उनके हेलिकॉप्टर को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और सभा पर प्रियंका गांधी के साथ सचिन पायलट के पहुंचने पर लोगों ने जमकर सचिन पायलट आई लव यू के नारे लगाए प्रियंका गांधी और सचिन पायलट को देखने सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग की भीड़ जनसभा में पहुंची। सभा में कांग्रेस के नेता धीरज गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कस्ते कहा कि मोदी ने जसोदा बहन की गारंटी फेल कर दी, तो आपकी गारंटी कहां से पूरी करेगा। प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन में अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी की घटना के बारे में बताया और कहा कि आपकी संपत्ति को चुनिंदा उद्योगपतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौंप दी है। आपका कर्ज माफ नहीं किया और चुनिंदा उद्योगपतियों के हजार करोड रुपए का कर्ज माफ कर दिया। मोदी ने अग्नि वीर योजना लाकर युवाओं के सपनों को तोड़ दिया। आज युवा सेना से दूर होता जा रहा है। मोदी जी जीएसटी लाये नोटबंदी लाये ऐसे कानून थोप कर देश की जनता की कमर तोड़ दी, मोदी ने कहा कि कालाधन आयेगा फिर 8 साल बाद इलेक्ट्रॉन बॉन्ड की ओर इशारा करते हुए कहा कि अब जाकर चंदे के माध्यम से कालाधन निकला । आपके पूर्वजों की तरह मेरे भी पूर्वजों ने इस देश के लिए जान दी है। जिस सरकार को जनता चुनती है उस सरकार को भाजपा वाले सो सो करोड़ रुपए में खरीदकर सरकार को गिरा रहे हैं। अडानी जी को सारे हवाईअड्डे ओर बंदरगाह पकड़ा दिए ओर युवाओं को अग्नीवीर ,सचिन पायलेट ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# लेबोरेटरी टेक्नीशियन दिवस मनाया

राजस्थान की राजनीति




**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ जिला शाखा दौसा ने सोमवार को लेबोरेटरी टेक्नीशियन दिवस मनाया।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ सुभाष बिलोनिया पीएमओ जिला चिकित्सालय दौसा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अमित राय ब्लॉक सीएमएचओ दौसा रहे।कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अतिथिगणों द्वारा जकारिया जॉनसन के फोटो समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर हुई। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह मीना ने बताया कि जकारिया जॉनसन ने लेबोरेटरी जांच में काम आने वाले मुख्य उपकरण माइक्रोस्कोप जिससे लेबोरेटरी की पहचान है का आविष्कार किया था जिसके कारण ही हम उनके जन्मदिन को लेबोरेटरी टेक्नीशियन दिवस के रूप में मनाते है। महामंत्री राजेंद्र बैरवा ने लैब टेक्नीशियन के कार्यो पर विस्तृत प्रकाश डाला।नमोनारायण मीना ने जांच में आने वाली समस्यायों और टेक्नीशियन के जांचकार्य के जोखिमों के बारे में बताया। जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर राजकुमारी बजाज और सौरभ शर्मा ने मरीज के रोग निदान में टेक्नीशियन की अहमियत पर विस्तृत प्रकाश डाला।जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉक्टर मुकेश चौधरी ने बताया कि मरीज की जांच रिपोर्ट ही मरीज के इलाज का आधार होती है। मुख्य अतिथि डॉक्टर सुभाष बिलोनिया पीएमओ जिला चिकित्सालय दौसा ने लैब टेक्नीशियन की समस्याओं के शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अमित राय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने अधीन कार्यरत टेक्निशियनों को कार्य में आने वाली बाधाओ के निष्पादन में मदद का आश्वासन दिया। मंच संचालन कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार भाटिया ने किया। कार्यकर्म में मोतीलाल सैनी, कैलाश देवतवाल, रामखिलाड़ी मीना, राकेश गोलिया ,सिद्धार्थ सैन सहित जिले भर के टेक्नीशियन उपस्थित थे।

# नवमतदाता अभिनन्दन समारोहः राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण : दीया कुमारी

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर स्थिति बिडला ऑडिटोरियम में लोकतंत्र पर्व लोकसभा चुनाव के तहत आयोजित 'नवमतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम' में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर युवाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट को 'विकसित' बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पूर्ण विश्वास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प 'विकसित राष्ट' को कारगर बनाने में युवा एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला, जयपुर लोकसभा प्रभारी डॉ एसएस अग्रवाल, संयोजक सर्वेश अग्रवाल,सक्षम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## भाजपा के 400 पार के नारे से कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है - अलका सिंह



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार केंद्र की योजनाओं और अपने घोषणा पत्र के दम पर जनता के बीच जाकर प्रचार प्रसार कर रही है और मीडिया के माध्यम से भी आमजन को अपने घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है । और सत्ता में पुनः काबिज़ के लिए दम भरती नजर आ रही है। इसी को लेकर दौसा के सोमनाथ चौराहा स्थित एक निजी होटल में आज भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका सिंह गुर्जर ने प्रेस वार्ता की प्रेस वार्ता में कहा की जिस प्रकार से पिछले 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही है उसका लाभ आमजन को मिल रहा है उसी से अब की योजनाएं में और भी बढ़ोतरी की है और जो ही 4 जून को सरकार बनेगी सभी योजनाओं को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कांग्रेस 400 पर के नारे से डर रही है डर कांग्रेस में दिख रहा है भगदड़ उनके यहां मची हुई है संपूर्ण तरह से आश्वासन है अबकी बार हम 400 के पार करेंगे क्योंकि मोदी जी की योजनाएं मोदी की गारंटी इस बात की गारंटी है कि इस बार हम 400 पर करेंगे और पुनः सत्ता में काबिज होंगे। और जब इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा तो पर्यटन बढ़ेगा पर्यटन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा आगामी दिनों में निश्चित भारत विकसित देश बनेगा मोदी जी का घोषणा पत्र है उसके आधार पर हम जरूर सत्ता में बताएंगे।

## नवरात्र में भगवती की पूजा अर्चना सबके लिए परोपकारी एवं कल्याणकारी- धर्माचार्य डॉ. परमेश्वर गंगावत




राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा के बजरंग मैदान में चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में धर्मसंघपीठपरिषद आदित्यवाहिनी जिला दौसा के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। श्रीमद् देवी भागवत कथा के सातवें दिन धर्माचार्य डॉ. परमेश्वर गंगावत ने भगवती दुर्गा प्राकट्य तथा महिषासुर वध, कौशिकी प्राकट्य, कालिका प्राकट्य, रक्तबीज वध, शुभ निशुंभ वध,चंड मुंड वध, इत्यादि प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। इन प्रसंगों को सुनकर सभी भक्तगण भाव विभोर हो गए। संगीताचार्य राहुल शर्मा ने राग अड़ाना , भैरवी आदि में शास्त्रीय संगीत स्तुतियाँ और महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का मंत्रमुग्ध करने वाला गायन किया। भक्तों को कथा सुनाते हुए धर्माचार्य डॉ परमेश्वर गंगावत ने बताया कि नवरात्र में मां भगवती की उपासना पूजा अर्चना करना बहुत ही पुण्य कार्य होता है।सनातन धर्म मे चैत्र एवं अश्विन मास के नवरात्र की बड़ी महत्ता है। जिनमे शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से लेकर नवमी तक श्रद्धालु मां भगवती की पूजा अर्चना स्तवन विधि-विधान से नित्य पूजा उपासना कर माँ की प्रार्थना करते है। निश्चित रूप से माँ भगवती प्रसन्न होकर भक्तों को आशीर्वाद देती है। इससे पूर्व यजमान परिवार कैलाश रेला एवं नितिन रेला द्वारा व्यास पीठ की विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर धर्मसंघपीठ परिषद आदित्यवाहिनी संघ दौसा से जुड़े पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मतदान जागरूकता के लिए रनिंग व साइकलिंग का आयोजन

## विधायक आचार्य बालमुकुंदाचार्य ने दिखाई हरी झंडी; खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** खेल प्रकोष्ठ भाजपा जयपुर शहर की ओर से भाजपा के मतदान जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रनिंग व साइकलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हवामहल विधायक आचार्य बालमुकुंदाचार्य, भाजपा लोकसभा जयपुर शहर प्रत्याशी मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी, भाजपा जयपुर शहर जिला उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, भाजपा ओ बी सी मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, ओलंपियन श्रीराम सिंह शेखावत ने किया। भाजपा खेल प्रकोष्ठ जयपुर शहर के संयोजक सुनील गौड़, सह-संयोजक ब्रिरेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष रेणु बिजारणिया, महामंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान, मंत्री शेर सिंह जादु ने सभी उपस्थित अतिथियों और भाग लेने वाले खिलाड़ियों का स्वागत व धन्यवाद प्रेषित किया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## रैली, रंगोली-पोस्टर और प्रश्नोत्तरी का किया आयोजन, आमजन को वोट डालने के लिए किया प्रेरित



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिला स्वीप टीम द्वारा आमजन में मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए कहीं रैलियों तो कहीं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के सेंट्रल पार्क में जिला स्वीप टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों स्कूली छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने भी शिरकत की। इस दौरान गुप्ता ने नव मतदाताओं से संवाद भी किया। इस दौरान स्टूडेंट्स के लिए चुनाव पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। गुप्ता ने प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर आमजन एवं प्रतिभागियों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्यामा राठौड़ ने जय श्री पेड़ीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं ब्राइटलैंड उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से अपने परिवारजन को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प पत्र भरवाए गए। इस दौरान स्टूडेंटस को मतदान का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी प्रिया वर्मा एवं सहप्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने भारतीय निर्वाचन आयोग के विभिन्न मोबाइल एप की जानकारी दी। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत सतरंगी सप्ताह, महिला मार्च एवं महिला रंगोली का आयोजन नेशनल हैण्डलूम, वैशाली नगर, जयपुर में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से जोर-शोर से आयोजन किया गया।

### 18 हजार से अधिक संकल्प पत्र भरवाये

सहायक रिटर्निंग अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर मिथलेश मीना द्वारा विद्याधर नगर क्षेत्र में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिसके अन्तर्गत सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, शारदा विद्या मन्दिर विद्यालय और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झोटवाड़ा के विद्यार्थियों को मतदान दिवस को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से 18 हजार से अधिक संकल्प पत्र भरवाये गये। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु ईएलसी क्लब के माध्यम से मतदान गीत, मतदान शपथ, स्वीप क्वीज एवं मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा आमजन की मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ट्राईटन मॉल में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर-जयपुर मुरलीपुरा जोन की उपायुक्त रेखा मीना, सीबीईओ झोटवाड़ा शहर अर्जुन लाल बुनकर, स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष कुमार तथा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाईजर उपस्थित रहें। वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने सोमवार को क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में 2 लाख 63 हजार 136 मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 60 हजार वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है।

कोटपूतली में पायलट का बीजेपी पर निशाना

## बोले-बदले की भावना से कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश



राजस्थान की राजनीति

**कोटपूतली।** लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। इससे पहले पार्टियों के स्टार प्रचारक लगातार प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट कोटपूतली पहुंचे। उन्होंने यहां जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया और वोट करने की अपील की। पायलट के यहां पहुंचने पर कांग्रेस नेताओ ने साफा बांधकर स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिनदर सिंह, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक सुरेश मोदी समेत कई नेता साथ रहे। सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने पीएम मोदी की सभा को लेकर कहा कि %आज जो उत्साह दिख रहा है, जोश दिखा रहा है, उससे लगता है कि चुनावो में कांग्रेस भारी पड़ेगी। प्रदेश और देश में बदलाव चाहती है। भाजपा वाले रोजगार, काला धन को लेकर कई दावे करते है लेकिन उन्होंने क्या कार्य किए वह जनता जानती है%। पायलट ने कहा की संविधान को ताक पर रखा जा रहा है। बदले की भावना से कांग्रेस को खत्म करने का कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में लोग बदलाव चाहते है। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने कांग्रेस का दामन थामा।

# भाजपा के पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व, घमंडिया गठबंधन के पास ना तो नियत है, ना नेता है और ना ही नीतिः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने वालाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ त्वरित कार्रवाई से प्रदेश के युवाओं को मिला सुकून, जहां समस्याएं हैं वहां हम समाधान देते हैंः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करने वाला है। राजस्थान पीएम मोदी की गारंटी के साथ है। हम प्रदेश की जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकसित भारत 2047 के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे। हमारा संकल्प पत्र जनता के लिए जनता द्वारा तैयार किया गया एक पवित्र विजन दस्तावेज है। भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर की पावन जयंती पर विकास का संकल्प पत्र देश के सामने प्रस्तुत किया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं यह संकल्प पत्र गारंटी के पूरा होने की गारंटी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। हमारे पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। विपक्षी घमंडीया गठबंधन के पास ना तो नियत है, ना नेता है और ना ही नीति है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को अपना ध्येय मान कर काम करती रही है। वर्ष 2014 में जो भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था वही आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की गारंटी है। मोदी की गारंटी की बात करें तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण के तहत 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेखा से बाहर निकालना शामिल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाते हुए पेपर माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। राजस्थान की बात करें तो हमारे यहां 100 दिन के अन्दर पेपर लीक के खिलाफ जो कार्रवाई हुई है वह युवाओं को सुकून प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति पर केंद्रित है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया, जन औषधि केंद्रो का विस्तार जहां पर 80 प्रतिशत सस्ती दवाइयां मिलती हैं, आयुष्मान भारत के तहत 70 साल की आयु से ऊपर वाले बुजुर्गों को 5 लाख का मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ घर बनाने के बाद 3 करोड़ नए घर बनेंगे। पहले उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिये थे और अब गैस की पाईपालाईन बिछाने का काम किया जाएगा। सूर्य घर योजना के अंतर्गत मुफ्त बिजली, स्वंय सहायता समूहों की 10 करोड़ महिलाओं को सर्विस सेंटर से जोड़ना और जहां पहले एक करोड़ लखपति दीदी बनाई अब आगे 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल घोषणा पत्र जारी करती है, जबकि भाजपा आम जन से सुझाव लेकर संकल्प पत्र जारी करती है जिसे तय समय में पूरा भी किया जाता है। राजस्थान सरकार की बात करें तो हमने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उनमें से 40-45 प्रतिशत वादे पूरे हो चुके हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, अक्षय थर्मल ऊर्जा में 2 लाख 24000 करोड़ के समझौते, पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ एसआइटी, 450 में गैस सिलेंडर, अपराधों की रोकथाम पर टास्क फोर्स ,पेट्रोल डीजल पर वैट और फेट कम करके जनता को राहत देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। वहीं राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढाई, जनप्रतिनिधियों का भत्ता बढ़ाने का कार्य किया है। जहां समस्याएं हैं वहां हम समाधान देते हैं।

भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने की प्रेस वार्ता

# भाजपा का संकल्प पत्र विश्वास, विकास और विरासत को आगे बढ़ाने की मोदी गारंटी - सीपी जोशी

भाजपा घोषणा पत्र नहीं संकल्प पत्र जारी करती है, संकल्प पूरा करने की होती है प्रतिबद्धता - सीपी जोशी

संकल्प पत्र में विकसित भारत और सभी वर्गो के उत्थान का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई देता है - सीपी जोशी

देश की मजबूती और उन्नति वाले संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार - सीपी जोशी



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी ने सोमवार को विधानसभा निम्बाहेड़ा में 20 से अधिक स्थानों पर जनसंपर्क कर जनता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा घोषणा पत्र नहीं संकल्प पत्र जारी करती है और उसमें लिए गए संकल्पों को पूरा करने की प्रतिबद्धता भी होती है। भाजपा का यह संकल्प पत्र विश्वास, विकास और विरासत को आगे बढ़ाने की मोदी गारंटी है। हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके इस ध्येय को लेकर काम हो रहा है। पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से जीरो बिजली बिल का सपना साकार होगा, देश के अधारभूत ढांचे की मजबूती। महिला, युवा, किसान, गरीब, सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान, देश में सड़क, हाईवे, मैट्रो ट्रेन, रेलवे विकास, वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन, 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज, गरीबों को 2029 तक मुफ्त राशन उपलब्ध करवाने, देश को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाकर युवाओं को स्टार्टअप्स और रोजगार के अवसर प्रदान कर अत्मनिर्भर बनाने, युवाओं के भविष्य पर संकट ना आए इसलिए पेपर लीक को लेकर कानून बनाने सहित अनेक ऐसी व्यवस्थाएं की है जिससे देश मजबूत होगा और विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। सीपी जोशी ने देश की मजबूती और उन्नति वाले संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पिछले दस सालों में जो कहा वो करके दिखाया। हर गरीब के कल्याण और उत्थान के लिए जो काम हुए है व अतुल्य अकल्पनीय है। हैं। कमजोर अर्थव्यवस्था से बाहर निकलकर भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, कोरोना काल के समय से लगभग 81 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है, आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत वंदे भारत जैसी ट्रेनों की सौगात मिली, आजादी के बाद जितने एयरपोर्ट नहीं बने उससे ज्यादा पिछले दस सालों में बने, खेलों के विकास के लिए अनेक काम हुए जिससे हमारे खिलाडियों ने दुनिया में भारत का नाम उंचा किया। अब 2026 में भारत में ओलंपिक करवाने का संकल्प है। दस सालों में भारत मोबाईल सेक्टर, डिफेंस सेक्टर, डेयरी प्रोडक्ट, सोलर एनर्जी और कृषि संसाधनों में दुनिया का सिरमोर बना। एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा किया और तीन करोड़ बनाने का लक्ष्य है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र भ्रमित करने वाला और देश को तोड़ने वाला है। कांग्रेस सिर्फ घोषणाएं करती है और सरकार आने के बाद उन पर काम नहीं करती। 2018 के विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस ने कहा था कि किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करेंगे, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे। लेकिन सरकार बनने के बाद कुछ नहीं किया।

जेडीसी ने निर्माणाधीन प्रोजेक्टस की ली समीक्षा बैठक

# प्रोजेक्टस को समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

राजस्थान की राजनीति


**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में सोमवार को निर्माणाधीन प्रोजेक्टस की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रगतिरत महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं उद्यानिकी शाखा की समीक्षा की गई। बैठक में बी - 2 बाईपास प्रोजेक्ट के शेष कार्य को जून-2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में टोंक रोड का कार्य एवं शेष रही क्लोवर लिफ की एक–एक छतों का कार्य प्रगति पर है। गोल्फ कोर्स में निर्माणाधीन पार्किंग प्रोजेक्ट के कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट का कार्य अप्रैल–25 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। आईपीडी टॉवर के लिए चिकित्सा एवं मेडिकल विभाग से शेष देय राशि लेने एवं नवीन प्रस्तावित कार्य के पेटे पुरानी देय राशि लेने के निर्देश दिए। पृथ्वीराज नगर उत्तर में सीवरेज कार्य के तहत ग्राम सांझरिया एवं नेवटा में एसटीपी प्रगतिरत हैं। जेडीसी ने एसटीपी के कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। नेवटा एसटीपी का कार्य जून-25 तक एवं सांझरिया का कार्य दिसंबर-24 तक पूर्ण करवाया जाना प्रस्तावित है। सांझरिया में ट्रीटेड पानी के स्टोरेज हेतु पानी की टंकी निर्माणाधीन है। सिविल लाइन्स आरओबी की प्रगति को प्रभावित कर रहे सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर कार्य की गति बढ़ाने की निर्देश दिए। जयपुर में चारों दिशाओं में सैटेलाईट हॉस्पिटलों के कार्यो की गति को बढ़ाते हुए शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए। उद्यानिकी शाखा को वन विभाग के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर में विभिन्न स्थानों पर प्रगतिरत कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। झोटवाड़ा आरओबी में सर्विस सड़कों व अन्य शेष विकास कार्य को 31 मई, 2024 तक पूर्ण करने की निर्देश दिए।











वोकेशनल शिक्षा को रोजगार से जोड़ें

## स्कूल शिक्षा ड्रॉपआउट रोकने के लिए अभिभावकों को करें जागरूकः कुणाल



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को दी जाने वाली वोकेशनल शिक्षा को रोजगार से जोड़ना सुनिश्चित करें एवं कक्षा 9 से 12 की छात्राओं को भी प्रोत्साहित कर विभिन्न ट्रेड्स से जोड़ें। कुणाल सोमवार को शिक्षा संकुल में राजस्थान एजुकेशन इनीशिएटिव पार्टनर्स के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाकर विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट को रोकने की बात कही। उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, स्वयं सेवी संस्थाओं को अन्य पिछड़े जिलों में भी शिक्षा की गुणवत्ता के कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया। डिजिटल लाईब्रेरी के लिए सुझाव देने तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षण को सहज एवं आनन्ददायक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनजीओ द्वारा शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण का आगामी सत्र के लिए शैक्षणिक कैलेन्डर तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रशिक्षण की पुनरावृत्ति न हो।


आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि डिजिटल साक्षरता भविष्य में हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने जीवन कौशल के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने पर भी जोर दिया। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा आगामी सत्र की कार्य योजना से अवगत करवाया।

बैठक में अतिरिक्त परियोजना निदेशक सुरेश बुनकर सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी तथा दो दर्जन से अधिक राजस्थान एजुकेशन इनीशिएटिव पार्टनर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

माहवीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में होगीं धार्मिक गतिविधियां

## 18 अप्रैल से आठ दिवसीय लक्खी मेला, 24 अप्रैल को निकलेगी विशाल रथयात्रा

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर में आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला गुरुवार 18 अप्रैल से शुरू होगा। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि गुरुवार 18 अप्रैल को मेले की स्थापना होगी , शुक्रवार 19 अप्रैल को पूजन,भजन, सामूहिक आरती व शास्त्र प्रवचन होंगे। रविवार,21 अप्रैल को महावीर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें प्रातः कटला प्रांगण से प्रभात फेरी निकलेगी। कटला प्रांगण में झण्डा रोहण के बाद जल यात्रा निकाली जायेगी। तत्पश्चात स्कूल में मोदक वितरण, अस्पताल में मरीजों को तथा हिण्डौन जेल में कैदियों को फल वितरण किये जायेंगे। दोपहर में श्री वीर संगीत मंडल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजन होगा। अपरान्ह कलशाभिषेक के बाद प्रदर्शनी का उदघाटन किया जावेगा। दिव्यांगों को ट्राई साईकिल, कृत्रिम पैर, बैसाखी, कैलीपर्स तथा असमर्थ व विधवा महिलाओं को हाथ की सिलाई मशीनें वितरित की जाएगी।

चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव इस क्षेत्र के लिए खतरनाक तो है ही, लेकिन यह विश्व के लिए भी नुकसानदायक है। हमास व इजराइल युद्ध के बाद से ईरान जिस तरह सक्रिय हुआ है, इसे कूटनीतिक भाषा में अतिसक्रियता कही जा सकती है। विश्व पहले से ही रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित है, उसके बाद हमास व इजराइल के बीच जंग छिड़ने से संकट और बढ़ गया है। अब ईरान की ओर से इजराइल पर ड्रोनों व मिसाइलों से हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। ईरान की चाहे इजराइल से जो भी अदावत रही हो, लेकिन ईरान ने बदले की भावना से इजराइल पर हमले के लिए समय गलत चुना है। अमेरिका ने जिस तरह पहले ही चेतावनी दी कि अगर ईरान ने हमला किया तो, वाशिंगटन चुप नहीं बैठेगा, इसके बाद भी ईरान ने इजराइल के ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका व ईरान के बीच तनातनी लंबे समय से है, अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध से ईरान अमेरिका पर अधिक खफा है। यूं तो अमेरिका का यह प्रतिबंध अनुचित है, पर खफा ईरान अमेरिका को सबक देने की ताक में रहता है। इजराइल व हमास की जंग उसे यह मौका दे रही है, लेकिन ईरान समझ नहीं पा रहा है कि हमले करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कूटनीतिक चैनल अधिक उपयोगी है। यूं तो जैसे इजराइल पर अमेरिका का हाथ है, वैसे ही ईरान पर रूस व चीन का हाथ है, लेकिन इजराइल व ईरान जैसे छोटी आबादी वाले देशों को समझना होगा कि वे अमेरिका, रूस व चीन जैसे बड़े व शक्तिशाली देशों की महत्वाकांक्षा व आपसी अदावत के शिकार न बनें। यूक्रेन से जंग में रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, बल्कि वह यूएस व नाटो से भी लड़ रहा है, यूएस रूस को घुटने पर लाना चाहता है, पर क्यों यह अमेरिका को भी पता नहीं होगा। लेकिन इसमें बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे ही इजराइल व हमास की जंग में पहले जिस तरह ईरान, कतर, आतंकी गुट हुती और कई  मुस्लिम देश आतंकी गुट हमास के पक्ष में खड़े हो गए तो अमेरिका भी खुल कर इजराइल के पक्ष में आ गया। लेकिन बर्बादी तो गाजा पट्टी में हो रही है, लोग वहां के मारे जा रहे हैं। अरब स्प्रिंग के बाद पश्चिम व खाड़ी देशों में एक के बाद एक कई राजशाही का तो अंत हो गया, लेकिन वहां लोकतांत्रिक ढांचा विकसित नहीं पाया, इसके चलते वहां अराजकता की स्थिति पैदा हुई। इसका फायदा कुछेक प्रायोजित आतंकी गुटों ने उठाया, कमजोर सरकारें भी हैं, इसलिए क्षेत्र में अशांति है। तेल के खेल में यह क्षेत्र हमेशा पिसता रहा है, इसके बावजूद शायद पश्चिम व अरब क्षेत्र के मुल्कों को यह भान नहीं हो रहा है कि वे शांति की स्थापना के लिए काम करें, वे बाहरी तत्वों के हितों के शिकार न बनें। ईरान ने इजराइल पर हमला करके पश्चिम एशिया में शांति बहाली के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इजराइल ऐसा मुल्क है जो अपने ऊपर हमले को बर्दाश्त नहीं करता है, और बदला लेता है। बेशक अभी इजराइल हमास के साथ जंग में उलझा हुआ हो, लेकिन वह ईरान को यूं नहीं छोड़ेगा। अब इजराइल व ईरान के बीच दुश्मनी की बीज गहरी हो गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। ईरान के कदमों से वैश्विक शांति की राह नहीं निकलेगी। ईरान के हमले की गूंज भारतीय शेयर बाजार तक पहुंची है, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते शेयर बाजार औंधे मुंह गिरे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को रोकने के लिए भारत, अमेरिका व चीन शांति के लिए आगे आएं।



विश्लेषण
निर्मल यादव

# हिंदुत्व से सनातन की ओर सियासत

**इस बार का चुनाव इस मायने में अलग माना जा रहा है कि इसमें धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। इसे हिंदुत्व से सनातन की ओर राजनीतिक शिफ्टिंग माना जा सकता है।**

इन दिनों भारत के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व को पूरे जोश से मनाने के लिए तैयार है। अब तक के चुनावों में सियासी दलों की ओर से उठाए गए मुद्दों के आधार पर जनता, भावी सरकार की तस्वीर उकेरती थी, लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं को यदि इस महापर्व को मनाने का जतन करना पड़ रहा है, तब फिर साफ है कि इस चुनाव के मुद्दे, गुजरे चुनावों से अलहदा हैं। चुनाव के मुद्दों की बात करने से पहले, चुनाव की ही बात कर ली जाए कि आखिर यह पिछले चुनावों से अलग क्यों है? भारत में आम चुनाव की परंपरा 75 साल पुरानी है। आजाद भारत के इतिहास में अब तक हुए 17 चुनाव किसी न किसी रूप में पिछले चुनावों से भिन्न रहे हैं। इस परंपरा को 18वां आम चुनाव भी शिद्दत से निभा रहा है। कई मायनों में यह चुनाव अनूठा है। इसमें तमाम सियासी दलों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सियासत में जातिवाद, परिवारवाद और बाहुबल की गहरी हो चुकी जड़ों का भविष्य भी यही चुनाव तय करेगा। इस चुनाव का फौरी तौर पर किया जा रहा विश्लेषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुस्तकबिल को तय करने तक सीमित है, वहीं इस चुनाव का विशद विश्लेषण, राजनीति में धर्म के इस्तेमाल की भवितव्यता को भी सुनिश्चित करेगा।

यह चुनाव इस मायने में अलग है कि इसमें धर्म की चाशनी को इस कदर गाढ़ा करके पेश किया गया है कि इसकी खुमारी अब मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी है। धर्म एक सार्वभौमिक सत्य है और इसका दायरा सिर्फ भारत तक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सत्ता की ड्योढ़ी को यह अनादि काल से प्रभावित करता रहा है। दुनिया भर में राजनीति को धर्म के साथ पेश करने के अलौकिक आनंद की अनुभूति 'सनातन' रही है। भारत में भी यह बहस पुरजोर होती रही है कि धर्म की राजनीति होनी चाहिए या राजनीति का धर्म होना चाहिए। मनुस्मृति से लेकर हम्मूराबी की विधि संहिता तक, न जाने कितनी बार राजनीति को धर्म से अलग करने या इसी में समाहित करने की वकालत हो चुकी है। 21वीं सदी के भारत में एक बार फिर नए शब्द के आवरण में चुनाव के असल मुद्दों को ढकने की कवायद तेज हुई है, यह है 'सनातन'।

अब तक के चुनावों में 'धर्म की राजनीति या राजनीति का धर्म' विषय ही विमर्श का मुद्दा बनता था, मगर अब 'सनातन' शब्द ने ऐसे बहुत से नेताओं को पाला बदलने का सुरक्षा कवच दे दिया है, जिनका सनातन के सही मायने से भी कोई सरोकार नहीं है। समाज और व्यक्तियों के स्तर पर हर किसी ने अपनी समझ के आधार पर सनातन को परिभाषित किया है। सनातन का विशद और व्यापक स्वरूप ही इसे परिभाषित करने वाले समाज एवं व्यक्तियों की समझ को परखने का कारगर औजार भी बनाता है। इसलिए कम से कम यहां सनातन को परिभाषित करने के बजाए मौजूदा चुनावी मौसम में इसके सियासी गुणा-गणति पर बात करना बेहतर होगा। यह पहला चुनाव नहीं है, जब इस देश ने धर्म को राजनीति का चोला पहने देखा हो। इससे पहले आजादी के बाद शुरुआती दौर में सोमनाथ से शुरू हुई यह कहानी अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने से लेकर 1990



के दशक में विवादित ढांचा ढहाए जाने तक, चुनावी राजनीति के आवरण में ढंकी रही। मंदिर और मस्जिद के नाम पर होती रही राजनीति का लाभ, इससे सरोकार रखने वाले दोनों खेमों को मिलता रहा है। मंदिर के मुद्दे ने भाजपा के चुनावी सफर को सड़क से सत्ता तक पहुंचाया तो मस्जिद के नाम पर भाजपा के विरोधी दलों को भी सत्ता की खूब मलाई खाने को मिली।

इस बार का चुनाव इसी मायने में अलग माना जा रहा है कि इस चुनाव में धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन विरोध का मोर्चा खोल रखा है। दरअसल उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। बोलचाल की भाषा में भी हिंदी पट्टी के लोग सिर्फ सनातन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि 'सनातन संस्कृति' कहना ज्यादा पसंद करते हैं।

दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। हिंदी भाषी राज्यों में आम जन को भले ही आर्य बनाम अनार्य के प्राचीन संघर्ष का इल्म न हो, लेकिन अपनी कला, संस्कृति, पहनावा और भाषा को लेकर बेहद सजग रहे दक्षिण भारत में जन जन को इस संघर्ष का भान है। आजादी के बाद 1950 के दशक में भाषायी आधार पर राज्य बनाने के लिए दक्षिण भारत में हुए आंदोलन, इस संघर्ष के गवाह भी हैं। तत्कालीन नेहरू सरकार को इस मसले पर तीन सदस्यीय 'जेवीपी कमेटी' बनानी पड़ी थी। खुद पं नेहरू के अलावा सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया राजू की मौजूदगी वाली इस समिति को दक्षिण में भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन के लिए हुए आंदोलन को शांत करना पड़ा था। भाषायी राज्य बने।

अब 21वीं सदी के सबसे चर्चित चुनाव से पहले उदयनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिक्रिया में सनातन पर हमला नहीं किया, बल्कि इस हमले की जड़ काशी में है। पीएम मोदी की पहल पर काशी में चल रहे 'तमिल संगमम' की सफलता, उदयनिधि की प्रतिक्रिया का परिणाम है। पीएम मोदी की पहल पर हो रहे तमिल संगमम का मौन असर काशी से ज्यादा दक्षिण में हो रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव में भाजपा ने राजनीति में भरपूर इस्तेमाल हो चुके 'हिंदुत्व' शब्द के बजाय व्यापक अर्थ वाले 'सनातन' शब्द को मारक हथियार बनाया है। अव्वल तो इस शब्द के निहितार्थ, धर्म और समाज के इतिहास को गहराई से समझने वाले ही जानते है। ऐसे में आर्य और भारतीय अस्मिता के विशद स्वरूप की गहरी समझ रखने वाले भाजपा के रणनीतिकारों को पता है कि सीमित ज्ञान से लैस विपक्षी खेमे के अधिसंख्य राजनेताओं को सनातन के जाल में फंसाना आसान है। बेहतर होता, उदयनिधि सनातन पर हमला करने से पहले उस रावण का जिक्र करते, जिसे दक्षिण में पूज्य और उत्तर में धरती का सबसे प्रकांड पंडित माना जाता है। उदयनिधि को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए था कि शिव जी के सबसे प्रिय भक्त रावण के पांडित्य पर उत्तर भारत में कभी सवाल नहीं उठा। सिर्फ राम के साथ बैर होने के कारण ही रावण को उत्तर में आज भी हर साल दहन होना पड़ता है। ऐसे में उदयनिधि के लिए भी बेहतर होता कि वे एक बार रावण की उस 'रक्ष संस्कृति' का अध्ययन कर लेते, जिसकी वजह से आज भी आसुरी प्रवृत्ति के लोगों को 'राक्षस' समझा जाता है, जबकि दक्षिण की मान्यता है कि आर्य संस्कृति के विरोध में रावण द्वारा प्रवर्तित की गई रक्ष संस्कृति को मानने वाले राक्षस कहे जाते हैं।  उदयनिधि भेद को समझकर यदि सनातन का मुद्दा उठाते तो भाजपा इस चुनाव में राम मंदिर और सनातन को अलग करके लाभ नहीं ले पाती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा



# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की "सेवन सिस्टर्स" या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अशांत मन में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है।

लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप  आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा  प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली  को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134  देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद  खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया  गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में  प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे  प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है।

**-मनीष देवांगन**, दुर्ग

### ट्रेंड

#### हैरान करने वाला

कांग्रेस के गठबंधन वाली बिहार की आरजेडी के नेता कहते है, अगर हमारी सरकार बनी तो हम मोदी जी को जेल में डालेंगे। जिनके अपने नेता खुद जेल में गए हों, वो मोदी जी को जेल में डालने की बात करते हैं। उनका कथन हैरान करने वाला है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

#### इनाम स्वरूप

भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं।

-लालू यादव, राजद नेता

#### ऐसा करके दिखाएंगे

दिल्ली के उपराज्यपाल साहब और भाजपा के नेता कह रहे थे, जेल से दिल्ली की सरकार तो नहीं चलेगी। हमने साफ कहा कि सरकार तो जेल से ही चलेगी, तुमको पीछे हटना पड़ेगा, हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम ऐसा करके पूरे देश को दिखाएंगे।

-संजय सिंह, आप नेता

#### निराशाजनक

आईपीएल की शीर्ष फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस को घरेलू मैदान पर अपमानित होते देखना निराशाजनक है। हार्दिक पंड्या कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बिठाने में अभिभूत नजर आ रहे हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति






# प्रणब, चिदंबरम के रहते आरबीआई पर रहता था दबाव : सुब्बाराव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने अपने संस्मरण में कहा है कि प्रणब मुखर्जी और पी चिदंबरम के वित्त मंत्री रहते समय वित्त मंत्रालय आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने और आर्थिक वृद्धि की खुशनुमा तस्वीर पेश करने के लिए दबाव डालता था।

- मंत्री आरबीआई पर ब्याज दरें नरम करने का दबाव डालते थे

सुब्बाराव ने हाल में प्रकाशित अपनी किताब 'जस्ट ए मर्सिनरी?: नोट्स फ्रॉम माई लाइफ एंड करियर' में यह भी लिखा है कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार में 'थोड़ी समझ और संवेदनशीलता' ही है।

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने संस्मरण में कहा

### मांग से हमेशा असहज रहा

सुब्बाराव ने कहा कि वह इस मांग से हमेशा असहज और नाखुश थे कि आरबीआई को सरकार के लिए 'चीयरलीडर' बनना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'मुझे इस बात से भी निराशा हुई कि वित्त मंत्रालय इन दोनों मांगों के बीच स्पष्ट असंगति पर ध्यान दिए बगैर ब्याज दर पर नरम रुख के लिए बहस करते हुए वृद्धि के लिए उच्च अनुमान की मांग करेगा।'




### बेहतर अनुमान पेश करने डाला था दबाव

लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया हो जाने से दुनियाभर में गहरा वित्तीय संकट पैदा हो गया था। सुब्बाराव ने ''सरकार का जय-जयकार करने वाला रिजर्व बैंक?' शीर्षक अध्याय में कहा है कि सरकार का दबाव नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के रुख तक ही सीमित नहीं था। उस समय सरकार ने आरबीआई पर वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन से इतर वृद्धि और मुद्रास्फीति के बारे में बेहतर अनुमान पेश करने के लिए दबाव डाला था। *व्यक्तिपरक धारणाएं बढ़ गई थी :* सुब्बारान ने कहा, 'मुझे प्रणब मुखर्जी के वित्त मंत्री रहते समय का ऐसा वाकया याद है। वित्त सचिव अरविंद मायाराम और मुख्य आर्थिक सलाहकार कौशिक बसु ने हमारे अनुमानों को अपनी धारणाओं और अनुमानों से चुनौती दी थी।'सुब्बाराव को यह बात नागवार गुजरी थी कि चर्चा वस्तुनिष्ठ तर्कों से हटकर व्यक्तिपरक धारणाओं की ओर बढ़ गई।

*सरकार के भीतर थोड़ी समझ और संवेदनशीलता है :* पूर्व गवर्नर ने किताब में कहा, 'सरकार और आरबीआई दोनों में रहने के बाद मैं तनिक अधिकार से कह सकता हूं कि केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता के महत्व पर सरकार के भीतर थोड़ी समझ और संवेदनशीलता ही है।' सितंबर, 2008 में लेहमैन ब्रदर्स संकट शुरू होने के पहले आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने से पहले सुब्बाराव वित्त सचिव थे।
*भारत में रिजर्व बैंक का रुख अड़ियलः मायाराम :* इसके अलावा रिजर्व बैंक को सरकार के साथ जिम्मेदारी साझा करने के लिए उच्च वृद्धि दर और कम मुद्रास्फीति दर का अनुमान पेश करने का सुझाव दिया गया। उन्होंने उस प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा, 'मायाराम ने एक बैठक में यहां तक कह दिया था कि 'जहां दुनिया में हर जगह सरकारें और केंद्रीय बैंक सहयोग कर रहे हैं, वहीं भारत में रिजर्व बैंक बहुत अड़ियल रुख अपना रहा है।'

## खबर संक्षेप

### रामकृष्ण फोर्जिंग्स को मिला वंदे भारत ट्रेन का ठेका



**नई दिल्ली।** रामकृष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसे वंदे भारत ट्रेनों के बोगी फ्रेम की आपूर्ति के लिए 270 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह ठेका भेल के नेतृत्व वाले गठजोड़ से मिला है। परियोजना के दायरे में वंदे भारत ट्रेन के शयनयान संस्करण के लिए बोगी फ्रेम का विकास और सत्यापन शामिल है।

### अस्थायी कार्यबल उद्योग 3.6 प्रतिशत बढ़ा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अस्थायी कार्यबल उद्योग (फ्लेक्सी) बीते वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा। भारतीय स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अस्थायी कार्यबल या स्टाफिंग उद्योग के तहत अनुबंध या काम के हिसाब से निश्चित अवधि के लिये लोगों को भर्ती किया जाता है।

### शेयरचैट निवेशकों से डिबेंचर से 4.9 करोड़ डॉलर जुटाएगी

ShareChat

**नई दिल्ली।** घरेलू सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट ने मौजूदा निवेशकों लाइटस्पीड, टेमासेक और एल्केन कैपिटल तथा अन्य से परिवर्तनीय डिबेंचर (ऋण पत्र) के जरिये 4.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 407 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। जुटाई गई पूंजी से उसे अपनी विज्ञापन लक्ष्यीकरण तकनीक, शेयरचैट लाइव और मोज लाइव की वृद्धि बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### दीपक बिल्डर्स का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

DEEPAK BUILDERS & DEVELOPERS

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग एवं निर्माण कंपनी दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं। दीपक बिल्डर्स चालू वित्त वर्ष (2024-25) में आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा कराने वाली पहली कंपनी है।

### एस्टर प्रति शेयर 118 रुपए का विशेष लाभांश देगा

Aster

**नई दिल्ली।** एस्टर डीएम हेल्थकेयर के निदेशक मंडल ने जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से प्राप्त आय में से प्रति शेयर 118 रुपये का विशेष लाभांश देने को मंजूरी दे दी है। 23 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। इतने बड़े लाभांश के बावजूद कंपनी के पास जीसीसी व्यवसाय की बिक्री से मिले 1,500 करोड़ रुपये तब भी बचे रहेंगे।

### सोना 300 रुपए मजबूत चांदी में 500 रुपए का उछाल



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 300 रुपये की तेजी के साथ 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पहले के कारोबारी सत्र में सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 500 रुपये के उछाल के साथ 85,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले के कारोबारी सत्र में यह 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था।

## निवेशकों को लगी 5.12 लाख करोड़ की चपत

# ईरान-इजरायल तनाव से बाजार का मूड बिगड़ा सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का, निफ्टी 247 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 929.74 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 246.90 अंक की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ।

### दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1638 अंक टूटा

इससे पहले, शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में रहा था। कुल मिलाकर दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

### भारत-मारिशस संधि का नकारात्मक प्रभाव

विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिका में मुद्रास्फीति अनुमान से अधिक बढ़ने से बाजार नुकसान में रहा। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने तथा भारत-मॉरीशस कर संधि में प्रस्तावित बदलाव से भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

### निवेशकों को 5.18 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में सोमवार को तेज गिरावट से निवेशकों को 5.18 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। इस गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,18,953.97 करोड़ रुपए गिरकर 3,94,48,097.90 करोड़ रुपए रहा।



### विप्रो, टाटा मोटर्स रहे नुकसान में

सेंसेक्स के शेयरों में विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ नेस्ले, मारुति और भारती एयरटेल के शेयर लाभ में रहे।

### ऊर्जा, तेल व गैस के शेयर रहे लाभ में

क्षेत्रवार बात करें तो सेवाओं में 2.12 प्रतिशत, वित्तीय सेवाओं में 1.81 प्रतिशत, आईटी में 1.58 प्रतिशत, बैंकेक्स में 1.55 प्रतिशत और यूटिलिटी में 1.37 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर ऊर्जा और तेल एवं गैस शेयर लाभ में रहे। कारोबार के अंत में कुल 2,991 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 913 बढ़त में रहे और 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### एशिया व यूरोपीय बाजार रहे नुकसान में


एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को नुकसान में रहा था।
*कच्चे तेल के दाम में नरमी :* नायर ने कहा, 'दूसरी तरफ यूरोपीय बाजार में शुरुआती कारोबार में सकारात्मक रुख रहा जबकि तेल के दाम में नरमी आई। बाजार प्रतिभागियों का मानना है कि राजनयिक स्तर पर जारी प्रयासों से पश्चिम एशिया में तनाव खत्म होने की उम्मीद है।' इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.04 प्रतिशत फिसलकर 89.51 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### कंपनियों की कमाई में कमी आने का अनुमान

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर राजनीतिक तनाव बढ़ने और अमेरिका में महंगाई दर अनुमान से अधिक होने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अधिक मूल्यांकन और वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनियों की कमाई में कमी आने के अनुमान के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में मुख्य रूप से गिरावट रही।'

# ऑनलाइन मूल्यांकन में उम्मीदवारों के फर्जीवाड़े से आशंकित रहती हैं कंपनियां

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों के सबसे बड़े डर में से एक
- धोखाधड़ी करने की आशंका 39 प्रतिशत प्रतिभागियों को होती है

ऑनलाइन मूल्यांकन के दौरान उम्मीदवारों का गलत तरीके अपनाना कंपनियों और प्रतिभा अधिग्रहण (टीए) विशेषज्ञों के सबसे बड़े डर में से एक है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

कृत्रिम मेधा (एआई) पर संचालित भर्ती स्वचालन फर्म 'हायरप्रो' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऑनलाइन मूल्यांकन के दौरान उम्मीदवारों के धोखाधड़ी करने की आशंका 39 प्रतिशत प्रतिभागियों को होती है। इसके बाद निर्धारित भूमिका के लिए सही उम्मीदवार ढूंढने की चिंता 37 प्रतिशत नियोक्ताओं को है। रिपोर्ट के मुताबिक, उम्मीदवारों के विशिष्ट कौशल को मापने के लिए प्रभावी माध्यमों की कमी 26 प्रतिशत भर्तीकर्ताओं के बीच अगली बड़ी चिंता बनकर उभरी है। यह रिपोर्ट अक्टूबर, 2023 से मार्च, 2024 के बीच 837 भर्तीकर्ताओं, प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों और मानव संसाधन पेशेवरों के बीच एक सर्वेक्षण पर आधारित है। इससे पता चलता है कि भर्ती योजना चरण में किसी भूमिका के लिए सही उम्मीदवार ढूंढने की चिंता 37 प्रतिशत भर्तीकर्ताओं और प्रतिभा अधिग्रहण विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता है। इसके बाद नियुक्ति लक्ष्य को पूरा करने को लेकर 32 प्रतिशत नियोक्ता अनिश्चित हैं।

### प्रबंधकों की उपलब्धता को भी बड़ी चुनौती

उम्मीदवारों के एक साथ कई नौकरियों की पेशकश की तलाश में होने की चिंता भी भर्तीकर्ताओं को सता रही है। इसके अलावा नौकरी का प्रस्ताव ठुकरा देने या उम्मीदवार के नहीं आने की चिंता भी होती है। रिपोर्ट में साक्षात्कार के स्तर पर उम्मीदवारों का प्रबंधन और नियुक्ति प्रबंधकों की उपलब्धता को भी बड़ी चुनौती बताया गया है। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों का मौजूद न होना भर्तीकर्ताओं के बीच सबसे बड़ा डर है। हायरप्रो के मुख्य परिचालन अधिकारी एस पशुपति ने कहा, 'इस रिपोर्ट के नतीजे एक दर्पण की तरह हैं जो हर दिन भर्ती टीमों को पेश होने वाली भावनात्मक चुनौतियों और आशंकाओं को दर्शाते हैं।'

# ओला ने प्रवेश स्तर के स्कूटर की कीमत 10 हजार रुपए तक घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी।

कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है। ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है



- एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5 से 10 हजार तक कटौती
- इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपए रखी गई थी

जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा, ''हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।'

*परंपरागत स्कूटर के बराबर आई कीमतें : खंडेलवार ने कहा कि एक औसत इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत एक लाख रुपये रहने के बीच उपभोक्ताओं से ऐसी प्रतिक्रिया मिली है कि जब इसकी कीमतें पेट्रोल स्कूटर के बराबर होंगी तो वे उसके बारे में सोचेंगे। इस राय को ही ध्यान में रखते हुए कीमतों में कटौती का फैसला किया गया है।*

## अंबुजा सीमेंट्स ग्राइंडिंग इकाई करेगी अधिग्रहण...

Ambuja Cement

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स तमिलनाडु के तूतीकोरीन में माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का कुल 413.75 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। अदाणी समूह का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने सोमवार को बयान में बताया कि माई होम समूह की सीमेंट 'ग्राइंडिंग' इकाई का अधिग्रहण करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इकाई की क्षमता 1.5 एमटीपीए है। बयान के अनुसार, 'आंतरिक स्रोतों के जरिए 413.75 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर अधिग्रहण से तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी बाजारों में कंपनी को तटीय पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी।' अदाणी समूह के सीमेंट व्यवसाय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा, बुनियादी ढांचे और भौगोलिक लाभों के अलावा अंबुजा सीमेंट्स को मौजूदा डीलर नेटवर्क भी मिलेगा।

# वोडाफोन की चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद

- कंपनी 18 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ लाने जा रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई।



दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को छह से नौ माह में चुनिंदा इलाकों में 5जी सेवाएं शुरू करने की उम्मीद है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अक्षय मूंदड़ा ने अपने 18,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) से पहले सोमवार को यह बात कही।

मूंदड़ा ने कहा कि 5जी सेवाओं को शुरू करना जनता से पूंजी जुटाने के उद्देश्यों में से एक है और एक बार कोष आने के बाद....इसे शुरू करने का काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 5जी की शुरुआत से अगले 24-30 महीने में कंपनी के कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत होगी।

हालांकि, मूंदड़ा ने 5जी सेवाएं कब शुरू की जाएंगी, इसपर कोई विशिष्ट समयसीमा साझा नहीं दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत के लिए 5,720 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है और बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है। मूंदड़ा ने इसकी शुरुआत किस स्थान से की जाएगी यह जानकारी भी नहीं दी।

# देश का वस्तुओं का निर्यात मार्च में मामूली रूप से घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तुओं का निर्यात भू-राजनीतिक तनाव की वजह से मार्च में मामूली रूप से घटकर 41.68 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 के समूचे वित्त वर्ष में यह 3.11 प्रतिशत गिरकर 437.06 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के महीने में देश का आयात भी 5.98 प्रतिशत घटकर 57.28 अरब डॉलर रहा। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के अंतिम महीने में देश का व्यापार घाटा 15.6 अरब डॉलर का रहा। निर्यात और आयात आंकड़ों के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल आयात 677.24 अरब डॉलर रहा, जो वर्ष 2022-23 के 715.97 अरब डॉलर से 5.41 प्रतिशत कम है। इस दौरान देश का व्यापार घाटा 240.17 अरब डॉलर था।



- भू-राजनीतिक तनाव के कारण घटकर 41.68 अरब डॉलर

### दवाओं और औषधि का निर्यात बढ़ा

इस दौरान दवाओं और औषधि का निर्यात 25.39 अरब डॉलर से 9.67 प्रतिशत बढ़कर 27.85 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों से पता चलता है कि 2023-24 में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 2.13 प्रतिशत बढ़कर 109.32 अरब डॉलर हो गया।

# थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़त के साथ 0.53 प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही।' आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही।



- सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी का असर
- मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक शून्य से नीचे बनी हुई थी

### मुद्रास्फीति आने वाले माह में बढ़ने का अनुमान

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आने वाले महीनों में बढ़ने का अनुमान है। सिन्हा ने कहा कि वैश्विक जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि, विशेष रूप से ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों तथा औद्योगिक धातु की कीमतों में वृद्धि से डब्ल्यूपीआई पर दबाव बढ़ने की आशंका है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई गिरावट

इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई।खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 5.66 प्रतिशत हो गई। यह फरवरी में 5.09 प्रतिशत थी।

## मस्क की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले बनने लगा माहौल

# टेस्ला की कारों के लिए सेमीकंडक्टर चिप बनाएगा टाटा समूह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में एक एलन मस्क की बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले माहौल तैयार होने लग गया है। एलन मस्क की पहली भारत यात्रा कई लिहाज से अहम साबित होने वाली है।

इस यात्रा में वह टेस्ला समेत अन्य बिजनेस के जरिए भारत में अरबों डॉलर के निवेश का ऐलान कर सकते हैं। उससे पहले बताया जा रहा है कि मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने सेमीकंडक्टर के लिए भारत के सबसे प्रमुख औद्योगिक समूहों में एक टाटा के साथ एक डील फाइनल की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल कंपनी ने टाटा समूह की टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सेमीकंडक्टर को लेकर सौदा फाइनल कर लिया है। इस स्ट्रेटजिक डील के तहत टेस्ला अपने वर्ल्डवाइड ऑपरेशन के लिए टाटा की कंपनी से सेमीकंडक्टर चिप खरीदने वाली है। बताया जा रहा है कि इस डील को गोपनीय तरीके से महीनों पहले ही फाइनल कर लिया गया। हालांकि अभी इस सौदे को लेकर टेस्ला या टाटा किसी ने भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।






- टेस्ला ने चिप के लिए टाटा के साथ एक डील फाइनल की

*सरकार से मिली है राहत : हाल के नीतिगत बदलावों ने वाहन निर्माताओं को 15 प्रतिशत कम आयात शुल्क पर 35,000 डॉलर या उससे अधिक कीमत वाले ईवी आयात करने की अनुमति दी है। लेकिन, यह भारत में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए तीन वर्षों के भीतर 500 मिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए वाहन निर्माताओं की प्रतिबद्धता पर निर्भर होगा। टेस्ला शुरुआत में भारतीय बाजार के लिए प्रीमियम, फीचर-आधारित इलेक्ट्रिक मॉडल पर दांव लगा सकती है।*

### टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने शुरू कर दी है भर्ती

इस बीच, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने हाल के महीनों में 50-60 शीर्ष-स्तरीय प्रवासियों की भर्ती करके अपने कार्यबल को बढ़ाया है। ये लोग सेमीकंडक्टर टेक्नोलोजी, रणनीतिक योजना और डिजाइन में उनकी व्यापक विशेषज्ञता का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय संचालन को बढ़ावा दे रहा है।

### एप्पल पहले से है टाटा की ग्राहक

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए सेमीकंडक्टर बिजनेस बहुत पुराना नहीं है। भारत सरकार ने हाल-फिलहाल में देश को आत्मनिर्भर बनाने और देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की शुरुआत की है। उनमें सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना भी शामिल है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी सेमीकंडक्टर पीएलआई योजना का लाभ उठाया है। टेस्ला से पहले एप्पल जैसी कंपनी भी टाटा के वैश्विक ग्राहकों में शामिल हो चुकी है।

# फोटो-विडियो पोस्ट न करें खिलाड़ी, नहीं तो लगेगा नौ लाख का जुर्माना

### आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर


851 चौके

487 छक्के

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सोशल मीडिया में फोटो-विडियो पोस्ट करने पर नाराज चल रहा है। आईपीएल टीमों, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर अब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है।

**बीसीसीआई का फरमान, ब्रॉडकास्टर्स के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन**
**टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स पल-पल की जानकारी कर रहे पोस्ट**



### ब्रॉडकास्टर्स को होता है नुकसान

*दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है। इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया।*



### स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास हैं राइट्स

*कमेंटेटर ने पोस्ट डिलीट करने से मना कर दिया। नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा। इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया। बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं। ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है।*

### टीम पर लगा जुर्माना

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लग सकता है। हाल ही में एक कमेंटेटर ने स्टेडियम से इंस्टाग्राम लाइव कर दिया था जिसपर मिलियन व्यूज आ चुके हैं। वहीं एक आईपीएल टीम पर लाइव मैच के दौरान वीडियो पोस्ट करने के लिए 9 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### फ्रेंचाइजी पर होगी कार्रवाई

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट दे सकते हैं। ऐसे में दोषी पाए जाने पर फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### धोनी के खिलाफ करते हैं गेंदबाजी का अभ्यास

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

### जेहान ने फार्मूला ई में बनाया पहला अंक



**मिसानो।** भारत के जेहान दारुवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी।

### हार्दिक की बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी



**मुंबई।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पंड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी।

**आईपीएल : गंभीर के मेंटोर बनने के बाद नारायण कर रहे शानदार प्रदर्शन**

# रॉयल्स को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा कोलकाता

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नारायण की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नारायण ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है।

मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नारायण ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगा। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नारायण थे जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।



### अय्यर फेल, सॉल्ट का तूफान

केकेआर की एकमात्र कमजोर कड़ी उसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जो खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और बड़ी पारियां खेलने में विफल रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर 38 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे थे लेकिन उन्हें तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों के खिलाफ परेशानी हुई थी। मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण की आक्रामक बल्लेबाजी और डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल के तूफानी तेवरों पर निर्भर रही है। टीम के भारतीय बल्लेबाज मौजूदा सत्र में अब तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। रिंकू सिंह को काफी मौके नहीं मिले हैं और वह चार पारियों में 63 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे।



### संजू, रियान बनेंगे चुनौती

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नारायण की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे।

### स्टार्क से मिल रहा सहयोग


मौजूदा सत्र में नारायण बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**
श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**राजस्थान रॉयल्स**
संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

**खास खबर**

### सीन नदी के बजाय स्टेडियम में हो सकता है उद्घाटन समारोह



*पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर दूर तक परेड कराई जाएगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा। फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, 'अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है।'*

### बैंगनी रंग का होगा पेरिस ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

*पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे। तीन साल पहले टोक्यो में लाल ट्रैक पर तीन विश्व और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है।*

# बिलबाओ को विलारियल ने ला लिगा मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारियल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती। रविवार को विलारियल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था। एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई।

इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं। एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था।



### भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रवाना

*फरीदाबाद। भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ। भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दल को सोमवार को विदाई दी गई। स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा, 'हमें एसओबी की महिला टीम से कम से कम एक कदम की उम्मीद है। पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा। महत्वपूर्ण चीज यह है कि गोल नहीं होने दें लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।' स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।*

### एलेकना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड...



**रेमोना।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।

**कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच मैच ड्रॉ**

# गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

एजेंसी ▸▸| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला।

रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और कारुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं। पहले हाफ में नाकामूरा को हराने वाले विदित ने दूसरे हाफ में भी अपनी इस सफलता को दोहराया। गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला 41 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अलीरेजा के खिलाफ नेपोमनियाची मुश्किलों में घिरा होने के बावजूद वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रहे। अबासोव ने भी सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना को कोई मौका नहीं दिया और अंततः दोनों खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए।



### वैशाली को मिली हार

महिला वर्ग में आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित नौ में से छह अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। रविवार को टैन और वैशाली की बाजी के अलावा अन्य किसी बाजी का नतीजा नहीं निकला। भारत की कोनेरू हंपी ने रूस की कैटरीना लेगनो के साथ अंक बांटे जबकि कल तक शीर्ष पर चल रहीं टिंगजी लेइ और बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा की बाजी भी ड्रॉ रही। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना के साथ ड्रॉ खेला।

## '180 नॉटआउट' में रुख साझा करेंगे गंभीर, हरभजन, वाल्श

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और कर्टनी वॉल्श जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हाल में जारी पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉटआउट' में खेल की चुनौतियों, विवादों और भविष्य की संभावनाओं पर अपना रुख साझा करते नजर आएंगे। पॉडकास्ट में 60 से अधिक पूर्व क्रिकेटर और विशेषज्ञ शामिल हैं और पिछली दो शताब्दियों में क्रिकेट की यात्रा और विकास पर चर्चा करेंगे।

पंद्रह एपिसोड की इस श्रृंखला में गंभीर, हरभजन, वॉल्श, अफरीदी, क्रिस गेल जैसे खिलाड़ियों की अंतर्दृष्टि के साथ खिलाड़ियों पर खेल का प्रभाव, लीग, व्यावसायीकरण, कोचिंग, फिटनेस, विभिन्न प्रारूप और रिकॉर्ड सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। श्रृंखला में तकनीकी प्रगति, विभिन्न लीग के उदय और खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा होगी।



## ईरान-इजराइल की लड़ाई में दुनिया दो धड़ों में बंटी

# ईरानी हमले का जवाब देगा इजराइल, ब्रिटेन का भी मिला साथ, रूस ने कहा... हम ईरान के साथ, भारत की हिंसा से दूर रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

ईरान और इजराइल की लड़ाई ने दुनिया को एक बार फिर दो धड़ों में बांट दिया है। ईरान के हमले के बाद अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस डटकर इजराइल के पाले में खड़े हो गए। वहीं, रूस ने कहा है कि अगर अमेरिका ने इजराइल का साथ दिया तो वह ईरान का साथ देगा। ईरान के हमले के बाद इजराइल में रविवार को इजराइली वॉर कैबिनेट की मीटिंग हुई और इसमें इस बात पर सहमति बन गई है कि इजराइल काउंटर अटैक करेगा। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। इजराइल, ईरान पर कब हमला करेगा, इस बात का खुलासा नहीं हुआ है। वहीं, इजराइल का साथ देने के लिए इजराइल के विदेश मंत्री काट्ज ने ब्रिटिश विदेश सचिव और फ्रांस के विदेश मंत्री को धन्यवाद दिया है।



### ब्रिटेन ने इजराइल का किया समर्थन




ब्रिटेन ने इजराइल का खुलकर समर्थन किया है। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटेन, इजराइल और अपने सभी क्षेत्रीय भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहेगा। युद्ध के खतरे को देखते हुए यूके ने भी कई रॉयल एयरफोर्स जेट और टैंकरों को क्षेत्र में भेज दिया है। यूके सरकार तनाव दूर करने के लिए अन्य सहयोगी दलों के साथ काम कर रही है।

### काउंटर अटैक में इजराइल का साथ नहीं देगा अमेरिका



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जी-7 नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल की। उन्होंने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला और इजराइल के पीएम नेतन्याहू के टेलीफोन पर बातचीत की। बाइडेन ने इजराइल को कहा है कि अगर इजराइल ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई की तो अमेरिका इसमें उनका साथ नहीं देगा।

### हम खुलकर ईरान को समर्थन देंगे: रूस



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह ईरान और इजराइल मामले में दखल नहीं दें। पुतिन ने कहा कि अगर ईरान पर इजराइल के काउंटर अटैक में अमेरिका शामिल होता है तो या किसी तरह से मदद करता है तो हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठेंगे। हम खुलकर ईरान के समर्थन में खड़े हो जाएंगे।

### हिंसा से दूर रहें, कूटनीति के रास्ते वापस आएं: भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को इजराइली समकक्ष काट्ज और ईरानी समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लानह्यान के साथ फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा



कि मैंने घटनाक्रम पर अपनी चिंता शेयर की। व्यापक क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, तत्काल तनाव कम करने की अपील की। हम इजराइल और ईरान के बीच शत्रुता से ज्यादा चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। मंत्रालय ने सभी से हिंसा से दूर रहने और कूटनीति की अपील की है।

**भारत ने हर देश से बनाए रिश्ते**

भारत ने मिडिल ईस्ट के अब प्रमुख क्षेत्रीय अभिनेताओं - मिस्र, ईरान, इजराइल, कतर, तुर्की, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात - के साथ अपने जुड़ाव को संतुलित कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सिंगापुर के पीएम 15 मई को देंगे इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने अपने पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने सोमवार को



ऐलान किया कि वह आर्थिक रूप से समृद्ध देश की सरकार का नेतृत्व करने के लगभग 20 वर्षों के बाद 15 मई को पद छोड़ देंगे। उनकी जगह उप प्रधानमंत्री (डिप्टी) लॉरेंस वोंग लेंगे। 72 वर्षीय ली ने फेसबुक पोस्ट में इस बात की जानकारी भी दी है।

### कांगो में भूस्खलन से 15 लोगों की मौत



**किंशासा।** दक्षिण पश्चिम कांगो में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और करीब 60 लोग लापता हो गए। इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर शनिवार को हुए भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित पाए गए। ढेधे मुपासा ने यह जानकारी दी।

### तंजानिया में बाढ़ के कारण 58 लोगों की मौत



**नैरोबी।** तंजानिया में बाढ़ के कारण पिछले दो सप्ताह में कम से कम 58 लोगों की मौत हो गई। इस पूर्वी अफ्रीकी देश में जबरदस्त बारिश जारी है। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि तटीय इलाकों में बारिश से सबसे अधिक कहर ढाया और करीब 126,831 लोग प्रभावित हुए हैं।

### इंडोनेशिया में भूस्खलन में 18 लोगों की मौत



**तारा तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन के बाद खोज एवं बचाव दल ने 18 लोगों के शव मलबे से निकाल लिये हैं जबकि दो लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर को मकाले गांव में करीब 14 शवों को (मलबे से) बाहर निकाला।

### 30 लाख रुपए की हेरोइन जब्त



**आइजोल।** मिजोरम के चंपई जिले में 30.10 लाख रुपए की हेरोइन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स के बयान के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस के सहयोग से रविवार को भारत-म्यांमा सीमा के निकट जोटे गांव में एक अभियान चलाया।

## भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की विदेशों में बढ़ी मांग

# 'तेजस' और 'प्रचंड' पर आया फिलीपींस का दिल, अन्य देशों ने भी दिखाई रुचि



*भारत में निर्मित हल्के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉमेंस के चलते विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। निर्माता कंपनी एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं।*

- तेजस की खरीद को लेकर अर्जेंटीना और मिस्त्र से चल रही बातचीत
- भारतीय वायुसेना तेजस और प्रचंड का कर रही है उपयोग
- 97 एलसीए की खरीद के लिए एचएएल को दिया ऑर्डर

एजेंसी ▶▶ दिल्ली

भारत में निर्मित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' और हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' की लोकप्रियता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है।

इसे बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि 'तेजस' अपनी श्रेणी में बेहतरीन परफॉमेंस होने की वजह से विदेशी खरीदारों में इसे खरीदने को लेकर काफी रुचि पैदा हुई है। एचएएल की कई देशों से इसे खरीदने को लेकर बातचीत चल रही है और जल्द ही पांच-छह देश इसे खरीदने को लेकर इच्छुक हैं। एचएएल ने हाल ही में गुयाना को डॉर्नियर-228 एयरक्राफ्ट भी डिलीवर किए हैं।

**पीएम मोदी ने तेजस में भरी थी उड़ान**



### प्रचंड को लेकर फिलीपींस उत्सुक

एचएएल चीफ को उम्मीद है कि एलसीए तेजस के साथ ही एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर प्रचंड की भी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टरों की डिमांड को लेकर हमें देर-सबेर सफलता मिलेगी। इस हेलीकॉप्टर का आर्म्ड वर्जन एमके4 वेरिएंट भी उपलब्ध है। 2023 में, फिलीपींस तट रक्षक बल ने एमओयू पर हस्ताक्षर करते हुए एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर एमके2 और भारत में निर्मित युद्धपोतों को लेकर गहरी रुचि दिखाई थी। पिछले साल फिलिपिनो तटरक्षक बल के प्रमुख ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, गोवा में एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर एमके3 की उड़ान का एक डेमो भी लिया था।

### तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर

एचएएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर सीबी अनंतकृष्णन ने उम्मीद जताई है कि एलसीए तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर मिलने की अधिक उम्मीद है। उन्होंने कहा जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेजस में उड़ान भरी है, उसके बाद से दुनियाभर के देशों का ध्यान तेजस ने खींचा है, जिससे इसके निर्यात में और बढ़ोतरी मिलने की उम्मीद है। एक साक्षात्कार में सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि पांच-छह देशों ने रुचि दिखाई है। अर्जेंटीना के साथ इस पर अभी भी बातचीत चल रही है। फिलीपींस के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। मिस्र के साथ भी हम चर्चा कर रहे हैं और नाइजीरिया के साथ बातचीत सकारात्मक है।

### नाइजीरिया के साथ बातचीत अंतिम दौर में

*फिलीपींस के अलावा नाइजीरिया ने भी तेजस और प्रचंड के अलावा लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' में रुचि दिखाई है। 2023 में, नाइजीरिया ने भारत के साथ एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा सौदों को मंजूरी दी। नाइजीरियाई प्रतिनिधिमंडल ने एयरक्राफ्ट का डेमो देखा था, लेकिन अभी भी उन्हें उड़ाना बाकी है। इनकी खरीद के लिए बातचीत प्रक्रिया अभी प्रारंभिक चरण में है। एचएएल ने छह नाइजीरियाई सेना के विमान पायलटों को पहले चेतक हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षित किया है। प्रशिक्षण का पहला चरण दिसंबर 2021 और दूसरा चरण दिसंबर 2022 में पूरा हो चुका है।*

### हर साल बनेंगे 24 तेजस एमके1ए एयरक्राफ्ट

एचएएल को भारतीय वायु सेना से 83 एलसीए एमके1ए के ऑर्डर मिले हैं। रक्षा मंत्रालय 97 अतिरिक्त एलसीए की खरीद के लिए पहले ही एचएएल को टेंडर जारी कर चुका है। जिन्हें अगले तीन से चार सालों में डिलीवर किया जाएगा। एचएएल ने इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, जिसके बाद सालाना उत्पादन क्षमता 8 एयरक्राफ्ट से 16 एयरक्राफ्ट हो जाएगी।

## सिडनी के चर्च में भी चाकूबाजी

# अज्ञात शख्स ने पादरी पर किया हमला, 4 घायल



एजेंसी ▶▶ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में सोमवार को एक बार फिर चाकूबाजी की घटना हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस घटना में 4 लोग घायल हुए हैं। सोशल मीडिया पर इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स पादरी को चाकू मारता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना सिडनी के क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई। यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई।

एक युवक ने चर्च के पादरी बिशप 'मार मारी इमैनुएल' पर चाकू से हमला कर दिया, जिसके बाद पूरे चर्च में भगदड़ मच गई। यह घटना लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल हुए लोगों की उम्र 20 से 70 साल के बीच हैं।

### सिर और शरीर पर चाकू से वार

सोशल मीडिया पर एक वीडियो में दिखाया गया है कि काला कपड़ा पहनकर एक व्यक्ति उपनगरीय वेकली में 'क्राइस्ट द गुड शेफर्ड' के बिशप के पास पहुंचता है और उनके सिर और शरीर के ऊपरी हिस्से पर कई बार चाकू से वार करता है। वीडियो में एकत्र श्रद्धालु (मंडली के सदस्य) चीखते हुए बिशप की सहायता के लिए दौड़ते नजर आ रहे हैं। चर्च की वेबसाइट ने बिशप की पहचान मार मारी इमैनुएल के रूप में की है। एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने कहा कि उसने कई चोट से घायल 50 साल से अधिक उम्र के एक व्यक्ति का प्राथमिक इलाज किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। एनएसडब्ल्यू एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि तीन अन्य घायलों को एक या इससे अधिक चोटें लगी थीं लेकिन उनका इलाज घटनास्थल पर ही कर दिया गया।

### 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय के बारे में की थी टिप्पणी

पुलिस ने कहा है कि पुलिस बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है और जनता से इस क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया गया है। बिशप पिछले साल सुर्खियों में थे। 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय को लक्षित करने वाले एक अभियान के बारे में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन द्वारा मई 2023 में एक वीडियो पोस्ट किया गया था। इस वीडियो में बिशप को एक उपदेश में यह कहते हुए दिखाया गया है कि जब कोई पुरुष खुद को महिला कहता है, तो वह न तो पुरुष है और न ही महिला, आप इंसान नहीं हैं, तो फिर आप कुछ और हैं। चूंकि आप अब कुछ और हैं, मैं आपको एक इंसान के रूप में संबोधित नहीं करूंगा क्योंकि यह मेरी पसंद नहीं है, यह आपकी पसंद है।


## यूक्रेन के शीर्ष कमांडर का दावा

# बखमुत के पास के शहरों पर कब्जा करना चाहता है रूस

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का समय हो चुका है। फिलहाल, यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है।

इस बीच, यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ने रविवार को दावा किया कि रूसी बलों ने नौ मई तक चासिव यार शहर पर कब्जा करने का लक्ष्य रखा है। रूसी हमलों को देखते हुए यह शहर अखाड़े के लिए तैयार हो गया है। बता दें, पूर्वी हिस्सों पर कब्जा करने के लिए यह शहर महत्वपूर्ण है।



### चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश

इस सप्ताह के अंत में कर्नल जनरल ऑलेक्जेंडर सिरस्की ने चेतावनी दी थी कि पूर्व में स्थिति काफी खराब हो गई है। अब उन्होंने फिर एक बार कहा कि रूस क्रामटोरस्क शहर की ओर बढ़ने से पहले चासिव यार पर कब्जा करने की कोशिश करेगा।

## सलमान के आवास पर फायरिंग मामला

# क्राइम ब्रांच ने शुरू की जांच घटनास्थल का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है।

इसी बीच सलमान खान के पिता सलीम खान ने कहा है कि डरने की कोई बात नहीं है, यह घटना पब्लिसिटी के लिए रची गई है। इसमें बताने को कुछ नहीं है।



### बिश्नोई ने घटना की जिम्मेदारी ली

गोलीबारी के कुछ घंटों बाद अनमोल बिश्नोई ने ऑनलाइन पोस्ट में घटना की जिम्मेदारी ली और बॉलीवुड अभिनेता को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यह एक 'ट्रेलर' था। आरोपियों में से एक की पहचान विशाल उर्फ कालू के रूप में हुई है।

## भारत ने निभाया 'पड़ोसी धर्म'



**काठमांडू।** भारत ने रविवार को नेपाल के विभिन्न संगठनों को 35 एंबुलेंस व 66 स्कूल बसें भेंट कीं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल सरकार के वित्त मंत्री बर्षमान पुन की मौजूदगी में अधिकारियों को एंबुलेंस व स्कूल बसों की चाभियां अधिकारियों को सौंपीं। कुल 101 वाहनों में से दो एंबुलेंस भूकंप प्रभावित जजारकोट व पश्चिम रुकुम जिलों को सौंपी गईं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 'सिंगापुर समुद्री सप्ताह' में भाग लिया

# समुद्री जहाज ईंधन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की तरफ बढ़ रही है दुनिया

**दुनिया भर से 10 हजार लोगों ने भाग लिया**


एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारत ने नई प्रौद्योगिकियों और जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैश्विक पोत परिवहन उद्योग के साथ भागीदारी का आह्वान किया है।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि सिंगापुर के दौरे पर आए एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यह मांग रखी है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल 'सिंगापुर समुद्री सप्ताह' में भाग लेने के लिए यहां आया है। इस सम्मेलन में दुनियाभर से 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि शिरकत कर रहे हैं।

**खास बातें**

- भारत हाइड्रोजन उत्पादन में आगे बढ़ रहा
- पारंपरिक ईंधन अधिक कार्बन उत्सर्जन करते हैं



### मेथनॉल और अमोनिया अच्छा विकल्प

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव भूषण कुमार ने कहा कि हम सभी नई प्रौद्योगिकियों के लिए सहयोग तलाशने और जहाजरानी उद्योग के हितधारकों के साथ जहाज ईंधन के रूप में मेथनॉल और अमोनिया का उपयोग करने की क्षमता का पता लगाने के लिए यहां हैं। मेथनॉल और अमोनिया को पारंपरिक समुद्री ईंधन का स्वच्छ विकल्प माना जाता है।

### हरित ईंधन पर करना होगा काम

भूषण कुमार ने कहा कि हमें हरित ईंधन पर काम जारी रखना होगा। भले ही इस स्तर पर यह व्यावसायिक रूप से बहुत आकर्षक न हो लेकिन इसे वाणिज्यिक रूप से बेहतर बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन उत्पादन की दिशा में भारत के प्रयासों से उद्योग को ऊर्जा बदलाव में भी मदद मिलेगी।

## भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' का 5वां संस्करण सोमवार) से उज्बेकिस्तान के टर्मेज़ जिले में शुरू हो गया है। यह अभियान 28 अप्रैल 2024 तक चलेगा। भारतीय सशस्त्र बलों और उज्बेकिस्तान गणराज्य के सशस्त्र बलों के भाग लेने वाले दल सहयोग और भविष्य की सैन्य बातचीत की नींव को मजबूत करने के लिए एक साथ प्रशिक्षण लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच परिचालन प्रभावशीलता और समन्वय को बढ़ावा देना है।



### सेना प्रमुख पांडे पहुंचे उज्बेकिस्तान

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे चार दिवसीय यात्रा पर उज्बेकिस्तान पहुंचे। वे उज्बेकिस्तान के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव, प्रथम उप रक्षामंत्री और सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख मेजर जनरल खलमुखामेदोव शुक्रत गैरतजानोविच और वायुसेना प्रमुख मेजर जनरल बुरखानोव अहमद जमालोविच के साथ बातचीत करेंगे।

राजस्थान में रची सलमान के घर पर फायरिंग की प्लानिंग!

## लॉरेंस के साथी गैंगस्टर से जयपुर में पूछताछ; मुंबई से आई एटीएस टीम



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में जांच के लिए मुंबई एटीएस की टीम जयपुर पहुंची है। एटीएस मुंबई को शक है कि फायरिंग की प्लानिंग राजस्थान में की गई। इसे लेकर मुंबई एटीएस के चार सीनियर ऑफिसर की टीम ने आज सोडाला थाने में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे रितिक बॉक्सर से पूछताछ की है। फायरिंग करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए मुंबई एटीएस की टीमें अलग-अलग राज्यों में पूछताछ कर रही है।
पुलिस ने बताया- रितिक बॉक्सर को एक व्यापारी को जान से मारने की धमकी मामले में 11 अप्रैल को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लाए थे। सुरक्षा के लिहाज से उसे सोडाला थाने में रखा गया है। मुंबई एटीएस की टीम सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले की जांच कर रही है। मुंबई एटीएस की टीम के रडार में रितिक बॉक्सर, रोहित राठौड़ और नितिन फौजी थे, जिनसे एटीएस की टीम ने पूछताछ की।
पुलिस ने बताया- पूछताछ में क्या सामने आया, यह टीम के सदस्य जानते हैं। रितिक बॉक्सर जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग कराने से लेकर बदमाशों को हथियार उपलब्ध कराने और लोकेशन दिखाने का आरोपी है। वह राजस्थान में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक्टिव गुर्गा था। इसका इस्तेमाल लॉरेंस ने लोगों को धमकी देने, रेकी कराने और फायरिंग करने जैसे काम के लिए किया।

### बाल सुधार गृह में भी हुई पूछताछ

29 फरवरी को रोहतक में गुरुग्राम के स्क्रैप व्यापारी सचिन मुंजाल मर्डर के मामले में लॉरेंस का हाथ था। लॉरेंस ने अपने गुर्गों के जरिए बाल सुधार गृह में बंद नाबालिगों को बाहर निकलवाया और उनसे यह हत्या कराई थी। पुलिस ने जब नेपाल बॉर्डर से दो नाबालिगों को पकड़ा तो उन्होंने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया था। इसको आधार मानते हुए मुंबई एटीएस की टीम ने बाल सुधार गृह में भी पूछताछ की।

### रितिक बॉक्सर को 11 अप्रेल को प्रोडक्शन वारंट पर लाए थे जयपुर

रितिक बॉक्सर जयपुर में जी क्लब पर फायरिंग मामले में अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद था। फरवरी में जयपुर में एक शराब कारोबारी का मर्डर करने के लिए शूटर भेजने के मामले में 11 अप्रैल को रितिक बॉक्सर को प्रोडक्शन वारंट पर जयपुर लाया गया था। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को मारने वाले शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी को भी इसी मामले में अजमेर की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाए थे।

शराब-नॉनवेज के शौकिन ने वृद्धा को गला दबाकर मारा

## पत्थर से पैर तोड़े, फर्नर से काटकर निकाले चांदी के कड़े, पुलिस को देख पहाड़ी से कूदा हत्यारा

राजस्थान की राजनीति

**दूदू।** शराब और नॉनवेज के शौकिन हत्यारे ने नशे में बुजुर्ग महिला को खंडहर में ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद पत्थर से पैरों को तोड़कर चांदी के कड़े निकालने का प्रयास किया। कड़े नहीं निकले तो लोहे की फर्नर से काट कर निकाला। वारदात के चार दिन बाद सोमवार को पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। वहीं नाबालिग आरोपी अभी फरार है। घटना 10 अप्रैल को दूदू के महलां में हुई। एएसपी शिवलाल बैरवा ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा फरार हो गया और पहाड़ी में छिपा रहा। पुलिस पकड़ने पहुंची तो आरोपी ने बचकर भागने के लिए पहाड़ी से छलांग लगा दी। आरोपी फुला बावरिया (19) पुत्र हनुमान के हाथ-पैरों में चोटें आई है। आरोपी महलां का ही रहने वाला है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। बता दें, महलां की रहने वाली दुर्गा देवी (80) का शव 10 अप्रैल को घर के पास ही सफेदा फॉर्म में मिला था। जिसकी हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था।

### शराब पीने के बाद की वारदात

एएसपी ने बताया कि हत्यारा फुला बावरिया शराब और नॉनवेज का शौकिन है। अपना शौक पूरा करने के लिए लूट और जैसी कई वारदातें कर चुका है। 10 अप्रैल को भी हत्यारा फुला बावरिया फॉर्म के पास एक नाबालिग के साथ बैठकर शराब पी रहा था। तभी लकड़ियां लेने गई दुर्गा देवी (80) के दिखाई देने पर दोनों ने लूट का प्लान बनाया। वृद्धा को पकड़कर आरोपी सफेदा फॉर्म में एक खंडहरनुमा कमरे में घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान महिला की चप्पल और लकड़ियां बांधने के लिए लाई रस्सी छूट गई। कमरे में ले जाने के बाद अरोपी ने नाबालिग के साथ मिलकर वृद्धा महिला का गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपियों ने शराब के नशे में पहले पत्थर से महिला के पैर तोड़कर चांदी के कड़े निकालने का प्रयास किया। इसके बाद लोहे की फर्नर से कड़ो को काटकर निकाला।

### पुलिस के डर से पहाड़ी से कूदा

पुलिस ने बताया कि पूरी वारदात को अंजाम देन के बाद बदमाश फरार हो गए। आरोपी पकड़े जाने के डर से छुपते फिर रहे थे। इस दौरान सोमवार को एक आरोपी के महलां से सात किलोमीटर दूर बोराज के पास छुपे होने की सूचना मिली। पुलिस की दबिश के दौरान पकड़े जाने के डर से आरोपी बोराज से भागकर सात किलोमीटर दूर आसलपुर की पहाड़ियों में छुप गया। पुलिस आरोपी का पीछा करती हुई पहुंची तो आरोपी ने पहाड़ी के ऊपर से छलांग लगा दी। ऐसे में हत्यारे के हाथ और पैरों में चोटें आई हैं। जिसे पुलिस ने दबोच लिया।

### लोहे की फर्नर से पकड़ा गया हत्यारा

एएसपी शिवलाल बैरवा ने बताया कि वारदात के बाद मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए थे। इस दौरान घटना स्थल से लोहे की फर्नर मिली थी। जिसे जब्त कर कंपनी के मार्का के आधार पर आसपास के हार्डवेयर की दुकानों पर इसको लेकर पूछताछ की गई। वारदात में शामिल आरोपियों तक पहुंचने के लिए रूट बनाया गया। वहीं 32 पुलिस कर्मियों की टीम गठित कर 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

## जयपुर में अमित शाह का रोड शो

# गृह मंत्री बोले- 500 साल बाद रामलला भव्य मंदिर में मनाएंगे जन्मदिन

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जयपुर की चारदीवारी में रोड शो किया। रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होकर छोटी चौपड़ पर खत्म हुआ। करीब 1.8 किलोमीटर लंबा रोड शो एक घंटे तक चला। इस दौरान अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और जयपुर शहर लोकसभा सीट से बीजेपी की प्रत्याशी मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। इसी जगह विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रोड शो किया था।
इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री के दौरे के लिए पूरे शहर को बीजेपी के झंडों और पोस्टर से सजा दिया गया। पुलिस ने शाह की सुरक्षा को लेकर बैरिकेडिंग की थी। शाह के दौरे के लिए चारदीवारी में वाहनों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दी गई थी। रोड शो शुरू होने से पहले हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य की पुलिस से कहासुनी हो गई। शाह का रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह रोड शो का स्वागत किया गया।

### शाह बोले- सुबह सात बजे ही मंजू जी को जिताइये

शाह ने रोड शो के दौरान कहा कि सभी लोग गर्मी होने से पहले ही सुबह सात बजे मंजू जी को जिताइये। मंजू जी और कमल के निशान पर दिया वोट मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएगा।

### 500 साल बाद रामलला अपना जन्म दिन भव्य मंदिर में मनाएंगे

अमित शाह ने कहा- 17 अप्रैल को 500 साल बाद रामलला अपना जन्म दिन भव्य मंदिर में मनाएंगे। भूमी पूजन हुआ और प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई।

### बालमुकुंद आचार्य की पुलिस से हुई कहासुनी

रोड शो से पहले बड़ी चौपड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एंट्री को लेकर बालमुकुंद आचार्य और पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद बालमुकुंद आचार्य नाराज होकर बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट की तरफ निकल गए।



















## जयपुर में भगवा झंडे हटाने पर बालमुकुंद आचार्य हुए नाराजः बोले- कांग्रेस की शिकायत के बाद निगम ने रातों-रात ध्वज उतार दिए

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर में लगे भगवा झंडे हटाने के मामले में सोमवार को विधायक बालमुकुंद आचार्य कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन देकर इसका विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से रामनवमी से पहले शहर में वापस भगवा झंडे और पताका लगाने की मांग की। दरअसल, जयपुर शहर से लोकसभा उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास के चुनाव एजेंट की शिकायत पर प्रशासन ने शहर से भगवा झंडों और पताका को हटा दिया था।
इस पर विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कलेक्टर से मिलकर जयपुर शहर से रातों-रात भगवा ध्वज उतारने को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने इस संबंध में अखिल भारतीय संत समिति की ओर से एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। विधायक ने आरोप लगाया- कांग्रेस की शिकायत के बाद निगम ने रातों-रात भगवा ध्वज उतार दिए।
उन्होंने कहा- हर साल रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस को देखते हुए शहर में घरों और दुकानों पर भगवा ध्वज लगाए गए थे। हमें पता चला कि कलेक्टर के कहने पर यह भगवा ध्वज हटाए गए।
वहीं, इस मामले पर जब कलेक्टर से विधायक ने बात की तो कलेक्टर ने इस बात से इनकार किया कि प्रशासन के कहने से भगवा ध्वज हटाए गए। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की शिकायत के बाद नगर निगम ने पूरे शहर से भगवा ध्वज हटा दिए।

आपको बता दें कि 13 अप्रैल को कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास के चुनाव एजेंट मंगल सिंह सैनी की तरफ से कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसमें लिखा कि जयपुर शहर में परकोटा के सभी बाजारों में रोड लाइट के खम्भों, दीवारों समेत अन्य जगहों पर लोकसभा चुनाव में पार्टी विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से भगवा रंग के ध्वज लगाए गए हैं। जो आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। सैनी ने इस पर कार्यवाही करने की मांग की थी।

### राहुल-प्रियंका के आने के कारण हटाए गए ध्वज

विधायक ने कहा- कांग्रेस चाहती है कि देश भगवा मुक्त हो। हम चाहते हैं देश कांग्रेस मुक्त हो। कांग्रेस वालों को भगवा ध्वज और राम नाम से आपत्ति है। चुनाव और राम नाम का कोई लेना देना नहीं है। चुनाव से हटकर रामनवमी का त्योहार है। कांग्रेस अगला फरमान निकालेगी कि राम जी के मंदिरों पर ताला लगा दिया जाए। विधायक ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जयपुर आने वाले हैं। इसलिए उनके कहने पर यह भगवा ध्वज हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता को लेकर मुझे कोई नोटिस नहीं मिला है। आचार संहिता और रामनवमी का कोई लेना देना नहीं है।

जयपुर में ज्वेलर ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

## मरने से पहले बनाया वीडियो, बोला- सट्टा लगवाकर 35 लाख लूट लिए; 3 लोगों के बताए नाम

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में एक ज्वेलर ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। मरने से पहले ज्वेलर ने वीडियो भी बनाया, जिसमें कुछ लोगों पर सट्टा लगवाकर 35 लाख रुपए लूटने का आरोप लगाया। ज्वेलर ने अपनी मौत के जिम्मेदारों से 35 लाख रुपए लेकर घरवालों को दिलाने की पुलिस प्रशासन से अपील की है। एसएचओ (मुरलीपुरा) सुनील कुमार ने बताया- बंधु नगर, मुरलीपुरा निवासी राकेश प्रजापत (32) पुत्र श्रवण लाल प्रजापत ने सुसाइड किया है। वह अपने माता-पिता, भाई-भाभी, पत्नी और दो बच्चों के साथ यहां रहता था। घर के नीचे ही श्री श्याम ज्वेलर्स के नाम से दुकान करता था। सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे दुकान बंद करके घर के अंदर चला गया और 2 मंजिला मकान की छत पर बने स्टोर में साड़ी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। करीब आधे घंटे बाद ज्वेलर की भतीजी स्टोर में पहुंची तो वह फंदे से लटका मिला।

### चाचा का शव देख जोर से चिल्लाई भतीजी

चाचा राकेश को फंदे से लटका देखकर भतीजी ने जोर-जोर से चीखना-चिल्लाना शुरू किया। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन भी छत पर पहुंचे तो स्टोर में राकेश को फंदे से लटका देखकर दंग रह गए। इसके बाद शोर मचा कर पड़ोसियों को बुलाया और फंदे से राकेश को नीचे उतारकर मणिपाल हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। राकेश ने सुसाइड से पहले एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने कहा कि मेरी मौत का जिम्मेदार योगेन्द्र राजावत उर्फ गोलू, डब्बू उर्फ विक्की शर्मा भौमियो जी मंदिर के पास रहता है। इनके साथ नीलू बन्ना भी है, जिन्होंने मुझे शराब पिलाकर सट्टा खिलाया। ये मेरी मौत के जिम्मेदार है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।